

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**'भक्षक' में जर्नलिस्ट बनीं भूमि पेडनेकर**


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 41 ■ अंक : 253 ■ बुधवार, 3 जनवरी 2024 — 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now — /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


## ठाणे जिले के 431 गांवों में 'स्वच्छ जागर' अभियान

■ कपिल पाटिल ने दी जानकारी




▶▶| उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के तहत पहली बार बुधवार को ठाणे जिले के 431 गांवों में पायलट स्वच्छता परियोजना लागू की जाएगी. केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह गतिविधि डॉ. श्री. नानासाहेब धर्माधिकारी प्रतिष्ठान, केंद्र सरकार के पंचायती राज विभाग और ठाणे जिला परिषद की ओर से गांवों में लागू की जाएगी।

अवसर पर पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है. भारत का एक बड़ा भाग ग्रामीण है। ग्रामीण भारत के विकास के बिना भारत की पहचान एक विकसित राष्ट्र के रूप में नहीं होगी। वहीं, केंद्र सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा निर्धारित नौ सतत विकास लक्ष्यों की दो संकल्पनाओं 'स्वच्छ एवं हरित गांव एवं स्वस्थ गांव' के अनुसार 431 गांवों में सड़कें, गलियां, खेत आदि ठाणे जिले की ग्राम पंचायतों को लोगों की भागीदारी से साफ किया जाएगा।

जिलाधिकारी कार्यालय समिति सभागृह में आयोजित प्रेस वार्ता में में वे बोल रहे थे. इस मौके पर ठाणे जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनुज जिंदल, अतिरिक्त कलेक्टर मनीषा जाइभाये आदि मौजूद थे।

## क्राइम डायरी...

### मीरा हास्पिटल के सामने से बाइक चोरी

**उल्हासनगर.** मीरा एनएक्स हॉस्पिटल के सामने सड़क पर खड़ी की गई पल्सर बाइक चोरी हो गई. वालधुनी निवासी सिद्धार्थ पद्माकर भडकुंबे (24) ने अपनी पल्सर मोटर साइकिल 31 दिसंबर की रात को मीरा एनएक्स हॉस्पिटल के सामने सड़क पर, 17 सेक्शन, उल्हासनगर-3 में खड़ी की थी. 1 जनवरी को तड़के 3 बजे से पहले अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गया. बाइक का नंबर एमएच 05 ईएच 8916 है और कीमत 40 हजार रुपए है.

### बिल्डिंग की पार्किंग से बाइक चोरी

**उल्हासनगर.** बेफिक्री चौक के पास शिवलोक अपार्टमेंट की पार्किंग में खड़ी यामहा कंपनी की बाइक चोरी हो गई. मोहित मनोहरलाल पहुजा (29) शिवलोक अपार्टमेंट, बेफिक्री चौक, उल्हासनगर-1 में रहते हैं. उन्होंने अपनी यामहा कंपनी की एफजेड बाइक बिल्डिंग का पार्किंग में खड़ी की थी. सोमवार की रात 12.15 बजे से दोपहर 3 बजे के दरम्यान बाइक वहां से चोरी हो गई, जिसका नंबर एमएच 05 बीएफ 1089 है और कीमत 15 हजार रुपए है.

# महाराष्ट्र स्टैम्प ड्यूटी अभय योजना

■ दो चरणों में 1 दिसंबर से 31 जनवरी 2024 और 1 फरवरी से 31 मार्च 2024 तक लागू

■ नागरिकों से लाभ उठाने की स्टैम्प कलेक्टर ने की अपील




**ठाणे.** सरकार ने स्टांप शुल्क और जुर्माना राहत 'अभय योजना 2023' लागू की है। यह योजना दो चरणों में 1 दिसंबर से 31 जनवरी 2024 और 1 फरवरी से 31 मार्च 2024 तक लागू की गई है।

स्टांप कलेक्टर ठाणे (शहर) नारायण राजपूत व मुंद्राक जिलाधिकारी ठाणे (ग्रामीण) ओमप्रकाश जंभाले ने बताया कि इस योजना में सरकार को देय और वसूली योग्य संपूर्ण स्टांप शुल्क और 1 जनवरी 1980 से 31 दिसंबर 2000 की अवधि के दौरान दाखिल या पंजीकृत नहीं किए गए दस्तावेजों के संबंध में लागू जुर्माने में छूट और रियायतें लागू की गई हैं।

■ **छूट और रियायतें**

**अनुसूची 1**

यदि योजना के इस प्रथम चरण के तहत 1 दिसंबर, 2023 से 31 जनवरी, 2024 तक देय स्टाम्प शुल्क की राशि 1 जनवरी, 1980 से 31 दिसंबर, 2000 तक के दस्तावेजों के लिए 1 लाख तक है, तो स्टाम्प शुल्क और जुर्माने की पूर्ण छूट। इसके अलावा यदि देय स्टांप शुल्क की राशि 1 लाख से अधिक है, तो 50% स्टांप शुल्क और जुर्माने से पूरी छूट दी जाएगी।

योजना के इस दूसरे चरण में 1 फरवरी 2024 से 31 मार्च 2024 तक 1 जनवरी, 1980 से 31 दिसंबर, 2000 तक के दस्तावेजों के लिए स्टांप ड्यूटी में 80% की छूट और 1 लाख तक की राशि होने पर जुर्माने में 80% की छूट दी जाएगी। साथ ही, यदि देय स्टांप शुल्क की राशि 1 लाख से अधिक है, तो स्टांप शुल्क का 40 प्रतिशत और जुर्माना राशि का 70 प्रतिशत माफ कर दिया जाएगा।

**अनुसूची 2**

योजना के प्रथम चरण में 1 दिसंबर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक 1 जनवरी 2001 से 31 दिसंबर 2020 तक के दस्तावेजों के लिए स्टांप शुल्क की राशि 25 करोड़ रुपये तक होने पर स्टांप में 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी। ड्यूटी और जुर्माने की रकम में 90 फीसदी की छूट.

(ए) यदि प्रदान की जाने वाली या देय संपूर्ण स्टांप ड्यूटी पर लगाया जाने वाला जुर्माना 25 लाख रुपये से कम है, तो प्रदान की जाने वाली या देय संपूर्ण स्टांप ड्यूटी पर लगाए जाने वाले जुर्माने पर जुर्माने में 90 प्रतिशत की कमी होगी। )

(बी) यदि प्रदान की जाने वाली या देय संपूर्ण स्टांप ड्यूटी पर लगाया जाने वाला जुर्माना 25 लाख रुपये से अधिक है, तो जुर्माने के रूप में स्वीकार की जाने वाली राशि केवल 25 लाख रुपये की सीमा तक होगी और शेष या शेष जुर्माना माफ कर दिया जाएगा। .

योजना के इस दूसरे चरण में 1 फरवरी 2024 से 31 मार्च 2024 तक 1 जनवरी 2001 से 31 दिसंबर 2020 तक के दस्तावेजों के लिए यदि स्टांप शुल्क राशि 25 करोड़ रुपये तक है, तो स्टांप शुल्क में 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी। और जुर्माना राशि में 80 प्रतिशत की छूट।

योजना के इस दूसरे चरण में 1 फरवरी 2024 से 31 मार्च 2024 तक 1 जनवरी 2001 से 31 दिसम्बर 2020 तक देय स्टाम्प शुल्क की राशि 25 करोड़ रूपये से अधिक होने पर स्टाम्प शुल्क में 10 प्रतिशत की छूट एवं जुर्माना राशि के रूप में स्वीकृति 2 करोड़ रुपये होगी और शेष या शेष जुर्माना माफ कर दिया जाएगा।

### ■ आवेदन करने की अपील...

सरकार द्वारा शुरू की गई 'अभय योजना 2023' के तहत दंड राहत योजना से अधिक से अधिक नागरिकों को लाभ मिलना चाहिए और जिन शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को इस स्टांप कार्यालय के माध्यम से स्टांप शुल्क के भुगतान के संबंध में नोटिस प्राप्त हुआ है, उन्हें अपना आवेदन जिला रजिस्ट्रार के साथ जमा करना चाहिए। क्लास 1 स्टाम्प और कलेक्टर ठाणे (शहर), कलेक्टर कार्यालय, चौथी मंजिल, ठाणे (पश्चिम), पिन कोड-400 601 जबकि ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक जिला रजिस्ट्रार क्लास 1 स्टाम्प और कलेक्टर ठाणे (ग्रामीण), कलेक्टर कार्यालय परिसर, ठाणे ( पश्चिम), पिन कोड-400 601 इस कार्यालय में जमा करने की अपील की है।

### मनपा में आज कार्यशाला का आयोजन




महाराष्ट्र राज्य में सरकार के निर्देशानुसार 'महाराष्ट्र स्टाम्प ड्यूटी अभय योजना - 2023' को दो चरणों में 1 दिसंबर, 2023 से 31 जनवरी, 2024 और 01 फरवरी, 2024 से 31 मार्च, 2024 तक लागू किया जाना है. अभय योजना को आम लाभार्थियों तक पहुंचाने और समझाने के लिए उल्हासनगर मनपा द्वारा बुधवार 3 जनवरी को दोपहर 3:00 बजे महासभा हॉल, प्रथम तल, उल्हासनगर मनपा, उल्हासनगर - 3 में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। संयुक्त जिला पंजीयक एवं कलेक्टर स्टाम्प ओमप्रकाश जाम्बले लोगों की शंकाओं का समाधान करेंगे.

## कोरोना फिर से आया प्रशासन एकदम खामोश

■ अंबरनाथ-बदलापर में कोरोना डोज, कोरोना चेक अप केंद्र बंद

▶▶| यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ और बदलापुर शहर में अभी तक एक भी कोरोना डोज केंद्र अथवा कोविड चेकअप केंद्र शुरू नहीं किया गया है. कोरोना बाबत नागरिकों में कोई डर भी नहीं है. कोरोना का नया वेरियंट सर उठा रहा है. इसके बावजूद उपरोक्त दोनों शहरों में कोरोना डोज के केंद्र जो डेढ़ वर्ष पूर्व बंद किए गए थे, वह दोबारा शुरू नहीं किए गए हैं. शासन भी इस मसले को लेकर उदासीन दिखाई दे रहा है. शहर में सर्दी, खांसी. बुखार का जोर कायम है. कोई डॉक्टर भी ये मशवरा नहीं दे रहा है कि कोरोना (कोविड) का चेकअप कराएं. अंबरनाथ शहर में 46 हजार नागरिकों ने डोज लिया है, तो बदलापुर में 42 हजार लोगों ने कोविड का डोज लिया है. कोविड के नए वेरिएंट के बारे में शहर में चर्चा जरूर है, लेकिन कुछ लोगों को छोड़कर ज्यादातर लोगों ने मुंह पर मास्क लगाना जरूरी नहीं समझा है. कोरोना डोज का शासन की ओर से पूर्तता भी नहीं की गई है. वैसे अंबरनाथ नगर परिषद के पासकरोड़ों रुपयों के पेशंट बेड, ग्लुकोज स्टैंड, टेबल, ऑक्सीजन के यंत्र व अन्य सामान अभी तक भंगार में पड़े हैं. नपा ने इसको बेचने के लिए तीन बार ठेका निकाला था. लेकिन ये सामग्री कोई भी लेने के लिए तैयार नहीं है.

### ट्रांसपोर्ट हड़ताल का असर उल्हासनगर, कल्याण व अंबरनाथ में भी

## पेट्रोल पम्प पर उमड़ी भारी भीड़



**उल्हासनगर.** केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून के विरोध का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। पेट्रोल-डीजल बेचने वाले डीलरों द्वारा बुलाई गई हड़ताल का असर मंगलवार सुबह देखने को मिला. ट्रांसपोर्ट की दिक्कत के साथ ही लोगों के सामने पेट्रोल की भी समस्या खड़ी हो गई है। पेट्रोल पंपों पर तेल भरवाने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी है।

उल्हासनगर, अंबरनाथ व कल्याण में सभी पेट्रोल पंपों पर लोगों की भारी भीड़ रही. किसी एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल खत्म हुआ तो दूसरे पेट्रोल पंप पर भीड़ उमड़ पड़ी। स्थिति यह है कि पेट्रोल भरवाने के लिए सड़क तक लंबी कतार लगी हुई है।

ठाणे में भी पेट्रोल न मिलने के कारण ठाणे शहर के सेंट्रल लोकेशन पर स्थित दो पेट्रोल पंप सुबह से कुछ ही घंटों में बंद हो गए. इसके चलते वाहन चालक दूसरे पेट्रोल पंपों पर पहुंचे, खासकर दोपहिया वाहन चालकों की भीड़ लग गई। साथ ही, अपनी कारों में पेट्रोल भराने के लिए वाहन चालकों की लंबी कतारें भी देखी गईं।शहर के अन्य हिस्सों में पेट्रोल पंपों के मालिकों के पास पेट्रोल लाने के लिए अपने वाहन हैं इसलिए उन पंपों पर पेट्रोल उपलब्ध है। उस स्थान पर वाहन चालक कारों की टंकी फुल कराते समय बोतलों व कैन में पेट्रोल ले जाते दिखे।

### मामूली विवाद में युवक से मारपीट

**उल्हासनगर.** वाल्मीकि नगर, उल्हासनगर-4 में मामूली विवाद के बाद एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया.

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार सोमवार की शाम 4.30 बजे के करीब धोबीघाट, उल्हासनगर-4 में आरोपी रवि खेमराज बारिया ने फिर्यादी हितेश निलोबा साटम (34) को गालीगलौज व मारपीट की. बाद में पत्थर से हितेश के सर पर मारकर घायल कर दिया. विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने भादंसं की धारा 324, 323, 504 के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक पी. पी. खोचरे मामले की जांच कर रहे हैं.

## हाजीमलंग में रेलिंग खतरनाक स्थिति में

■ गंभीर समस्या के प्रति प्रशासन की अनदेखी



**कल्याण.** ठाणे जिले में ऐतिहासिक विरासत रखने वाले हाजीमलंग पर बना यातायात का पुल कमजोर हो गया है. लेकिन प्रशासन द्वारा इस कमजोर पुल की अनदेखी किये जाने से स्थानीय लोग बड़े हादसे की आशंका जता रहे हैं. हाजीमलंग की यात्रा नजदीक आ रही है और इसे लोगों के लिए खतरे की घंटी माना जा रहा है. पिछले साल भी, जब पुल खतरनाक था, तो पुलिस ने भक्तों को किले तक पहुंचने की अनुमति देने के लिए एक तरफ से बैरिकेडिंग कर दी थी। लेकिन चूंकि इस साल हालात बेहद खराब हो गए हैं, इसलिए माघ पूर्णिमा पर दुर्घटना होने की आशंका जताई जा रही है।

अंबरनाथ तालुका के हाजीमलंग में प्रथम समाधि मंदिर से सटे लोहे के पुल का काम बहुत पुराना और जीर्ण-शीर्ण है। इस पर की गई सीमेंट कंक्रीटिंग भी खराब हो रही है। ठाणे जिले का यह धार्मिक स्थान श्रीमलंग या हाजीमलंग के नाम से जाना जाता है। हाजीमलंग मुस्लिम भाइयों के साथ-साथ हिंदू भाइयों के लिए भी तीर्थस्थल माना जाता है. यहां माघ पूर्णिमा पर बड़ी यात्रा और उरुस होती है।

इस समय राज्य और विदेश से लाखों मुस्लिम भाई और हिंदू श्रद्धालु दर्शन के लिए हाजीमलंग आते हैं, इस किले पर हजरत हाजी बख्तावर शाहबाबा की पहली दरगाह के पास एक 40 फीट लंबा पुल है, जिसके किनारे एक गहरी खाई है यह पुल. नीचे पुल को सहारा देने वाले लोहे के खंभे पूरी तरह से जंग खाकर जर्जर हो चुके हैं। इसलिए स्थानीय लोगों का कहना है कि यात्रा अवधि के दौरान भीड़भाड़ के दौरान कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इसलिए उनकी मांग है कि प्रशासन इस ओर ध्यान दे और जल्द से जल्द इस पुल की मरम्मत कराए.



नव वर्ष के पहले दिन अंबरनाथ के प्राचीन शिवमंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही.

## बाइक की चपेट में वृद्धा व 2 बच्चियां हुई घायल




**बदलापुर.** बदलापुर पूर्व स्थित काका गोले फाउंडेशन की ओर से पैदल जा रही 72 वर्षीय वृद्धा व 5 व 7 साल की 2 बच्चियों को अज्ञात बाइक सवार टक्कर मारकर फरार हो गया.

मिली जानकारी के अनुसार माधवी मनोहर जाधव (72) मंगलवार की दोपहर में 12.20 बजे के करीब तलाठी कार्यालय के पास से काका गोले फाउंडेशन की ओर पैदल जा रही थी. उनके साथ उनकी नातनि कु. रूद्रा (7) व कु. रूतवी (5) भी थी. इस दौरान एक बाइक सवार ने तेज गति से आते हुए तीनों को टक्कर मारकर फरार हो गया. बाइक का नंबर एमएच 05 डीए 1534 है. बदलापुर पुलिस ने भादंसं की धारा 279, 337 समेत महाराष्ट्र मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184, 134, 177 के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिसउप निरीक्षक प्रवीण अमृतकर मामले की जांच कर रहे हैं.

## कम्पाउंड में लगे लोहे के तार चोरी

### भंगार विक्रेता समेत 2 लोगों के खिलाफ मामला



**उल्हासनगर.** हिललाइन पुलिस थाना अंतर्गत करवले गांव में एक कंपनी के कम्पाउंड में लगे लोहे के तार 2 लोगों ने चोरी कर लिए. पुलिस ने भंगार विक्रेता व एक अन्य आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार चिरड व करवले गांव में मे. मैक्रोटेक डेपलपर्स प्रा. लि. कंपनी है. कंपनी ने सीमेंट के ब्लाक व लोहे के तार से कम्पाउंड बनाया है. 1 जनवरी की सुबह 11 बजे के करीब आरोपी पंकज अंकुश कातकरी (25) व भंगार विक्रेता हयातुल्ला बाबुला मनियार (33) ने मिलकर कंपाउंड वाल को तोड़कर उसमें से 70 किलो लोहे के तार चोरी कर लिए. जिसकी कीमत 2100 रुपए है. सचिन नामदेव ठाकरे की शिकायत पर हिललाइन पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है. पुलिस हवलदार टेकाम मामले की जांच कर रहे हैं.

## राज्यस्तरीय अखंड हरिनाम सप्ताह का शुभारंभ

■ रिंगण समारोह में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे भी हुए शामिल






**कल्याण.** ठाणे-रायगढ़ जिला वारकरी और भागवत संप्रदाय और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के प्रयासों से हाजीमलंग की तलहटी में आयोजित राज्य स्तरीय 'श्री मलंगगड़ अखंड हरिनाम सप्ताह' की शुरुआत श्रीकांत शिंदे ने की. इस मौके पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे. कोंकण क्षेत्र का सबसे बड़ा हरिनाम कीर्तन उत्सव शुरू हो गया। इस अवसर पर साधु-संतों, कीर्तनकारों और हजारों श्रद्धालुओं की सहज भागीदारी इस सप्ताह के उद्घाटन अवसर पर देखने को मिली. इस मौके पर बोलते हुए राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कार्यकर्ताओं से बातचीत की. ऐसे हरिनाम सप्ताह समय की मांग बन गये हैं। ऐसे सप्ताहों की परंपरा हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। इस समारोह की समृद्ध विरासत को देखते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी यह राय व्यक्त की कि आध्यात्मिक संस्था राजनीतिक संस्था से ऊंची है और जीने के लिए मानव हृदय में विश्वास का बंधन होना चाहिए।

ठाणे - रायगढ़ जिला वारकरी और भागवत संप्रदाय और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की पहल पर हाजीमलंग की तलहटी में आयोजित राज्य स्तरीय श्री मलंगगढ़ अखंड हरिनाम सप्ताह बड़े उत्साह के साथ शुरू हुआ। सुबह से ही राज्य भर से आए तीर्थयात्रियों का हुजूम उसाटने की ओर उमड़ पड़ा. सुबह से ही युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक और यहां तक कि नाबालिग भी पारंपरिक पोशाक में कार्यक्रम स्थल पर एकत्र हो रहे थे। ताल मृदुंगा की ध्वनि के साथ मार्च शुरू हुआ। इस डिंडी में विठ्ठल रखुमाई, श्री नवनाथ, संत तुकाराम महाराज, छत्रपति शिवाजी महाराज और अन्य वेशधारी वैष्णव भाई उपस्थित थे।

इस हरिनाम सप्ताह के उद्घाटन समारोह का मुख्य आकर्षण भव्य रिंग सेरेमनी रही. पंढरपुर की तरह मनाए जाने वाले इस रिंगण समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शामिल हुए. इस मौके पर रिंगण समारोह पर हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए गए.

इस राज्य स्तरीय हरिनाम समारोह में आचार्य प्रह्लाद महाराज शास्त्री, विश्वनाथ वारिंगे महाराज, चेतन महाराज, दिगंबर शिवनारायण जी, विष्णुदादा मंगरुलकर, संतोष चांगो देशेकर, गोपाल जी, शंकर गायकर, दिनेश देशमुख सहित बड़ी संख्या में साधु महंत शामिल हुए।

## ऑल महाराष्ट्र उर्दू तकरीरी मुकाबले में मालेगांव की लड़कियों ने मारी बाजी

■ नेशनल उर्दू स्कूल अंबरनाथ का कार्यक्रम सफल रहा

▶▶| उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** नेशनल उर्दू स्कूल अंबरनाथ द्वारा आयोजित ऑल महाराष्ट्र उर्दू तकरीरी मुकाबले में जूनियर ग्रुप में मालेगांव की छात्राओं ने बाजी मारी है, तो सीनियर ग्रुप में येवला और मालेगांव की लड़कियों ने बाजी मारी है. ऐसी जानकारी स्कूल की प्रिसिंपल अफशान सय्यद एवं ट्रस्टी अफजाल अंसारी ने दी है. इस प्रतियोगिता में मालेगांव, नासिक, मुंबई, मुंब्रा, भिवंडी, कल्याण, अंबरनाथ के 71 विद्यार्थियों ने भाग लिया था. जिसमें से 63 ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर विभिन्न विषयों पर जोरदार अंदाज में तकरीर करके उपस्थितों का दिल जीत लिया.

जूनियर ग्रुप में यशफीन नाज अल्ताफ मालेगांव ने प्रथम पारितोषिक और साहेरनाज हुसैन मालेगांव ने द्वितीय पारितोषिक प्राप्त किया. सीनियर ग्रुप में येवला स्कूल की छात्रा हानिया हसरत जमील ने प्रथम और मालेगांव स्कूल की छात्रा मुकरमा मेहरीन ने दूसरा पारितोषिक प्राप्त किया. खान अब्दुल्ला अंसारी, मकसूद और शेख अमीर बशीर ने जज के कर्तव्य को निभाया. एजूकेशन अपलीफट सोसायटी के अध्यक्ष मोहसिन मिरसिंगे व शमीम इकबाल मुश्ताक सईद, सगीर खान आदि मान्यवर उपस्थित थे. पत्रकार यूसुफ शेख व निसार खान का शाल और पुष्पगुच्छ देकर सत्कार किया गया.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि

उल्हास विकास

संपादकीय

## फिटनेस के संकल्प से शुरू करें नववर्ष

नए वर्ष का आगमन एक नई शुरुआत का एहसास कराता है। यह एक ऐसा समय होता है जब हम बीते हुए वर्ष के अनुभवों के आधार पर अपनी अच्छाइयों को तराशने और बुराइयों को कम करने का प्रण लेकर आने वाले वर्ष के लिए अच्छी बुनियाद डाल सकते हैं। नए वर्ष पर किया गया संकल्प पूरे वर्ष एक लक्ष्य को लेकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। ये संकल्प हर व्यक्ति के लिए अलग-अलग या व्यक्तिगत जरूरत के अनुसार हो सकते हैं, लेकिन एक ऐसा संकल्प जो सभी के लिए सबसे पहला और सबसे ज्यादा आवश्यक है, वो है अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं स्वयं को फिट रखने के लिए कुछ समय निकालने का संकल्प। वर्ष 2024 की शुरुआत के साथ प्रत्येक नागरिक को ये संकल्प लेना बहुत ही आवश्यक हो चुका है। वर्ष 2023 में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च द्वारा करवाए गए एक सर्वे में ये पाया गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर डायबिटीज (मधुमेह) और प्री डायबिटीज की प्रचलन दर 11.4 और 15.3 प्रतिशत है। इतना ही नहीं, मोटापे की समस्या में भी हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। सर्वे में ये पाया गया है कि मोटापे की वजह से होने वाली बीमारियों में तेजी से वृद्धि होती जा रही है। इस मजबूती पर मधुमेह और मोटापा जनित रोगों ने आक्रमण करके इसको कमजोरी की दहलीज पर लाकर खड़ा कर दिया है। यहां के शुद्ध वातावरण का आनंद लेकर स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए देश-विदेश से पर्यटक बड़ी संख्या में प्रतिवर्ष आते हैं। फिर ऐसा कौनसा कारण है कि मधुमेह और मोटापे की समस्या ने घेर रखा है। इसके पीछे का मुख्य कारण हमारी बदलती हुई जीवन शैली और खाने-पीने की गलत आदतें हैं। शारीरिक क्रियाओं की कमी इसमें सबसे बड़ा कारण है और इस वजह से बच्चे भी इस प्रकार की बीमारियों का शिकार होते जा रहे हैं। बात चाहे बच्चों की हो या युवाओं की या फिर बुजुर्गों की, सभी आयु वर्गों में लगातार बढ़ रही मोबाइल की आदत इस समस्या को अधिक विकराल बनाने में अपना अहम योगदान दे रही है। बच्चों को मोबाइल से कुछ समय के लिए भी दूर करना आजकल बहुत से माता-पिताओं के लिए एक बहुत मुश्किल कार्य बन बन चुका है। आजकल तो खेल के मैदानों में भी बच्चे और युवा मोबाइल चलाते हुए ही देखे जाते हैं। ये स्थिति गंभीर है और इसके कारण पैदा होने वाली शारीरिक और मानसिक समस्याओं से निपटने के लिए एक योजना बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। एक पूर्ण स्वस्थ व्यक्ति न केवल अपने उत्तरदायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वहन करने में सक्षम होता है, बल्कि देश, प्रदेश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन भी सफलतापूर्वक करता है।

# आंतरिक सुरक्षा मजबूत करने के लिए जरूरी है पुलिस सुधार

ब्रिटिशकालीन आपराधिक कानूनों की जगह लेने वाले तीन संशोधित विधेयकों को राष्ट्रपति ने मंजूरी दे दी है। तीनों नए कानून अब भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे। अंग्रेजों की सामंती कानूनी व्यवस्था में बदलाव की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे सरकार ने इन संशोधनों द्वारा पूरा कर दिया है। पर इन कानूनों को लागू करवाने वाली संस्था पुलिस को जब तक देश को गुलाम रखने वाले पुलिस ऐक्ट, 1861 से मुक्त नहीं किया जाएगा, तब तक नई कानून-व्यवस्था से ज्यादा उम्मीद नहीं की जा सकती।

वर्ष 1857 की विफल क्रांति के बाद अंग्रेजों ने पुलिस ऐक्ट, 1861 को देश को पूर्णतया गुलाम रखने के लिए बनाया था। इस कानून के अनुसार, पुलिस पूरी तरह सरकार के अधीन होती है और प्रजातांत्रिक व्यवस्था में सरकारों को जनता का वोट चाहिए, जिसके लिए सत्ता पाने के लिए राजनीतिक दलों को बाहुबलियों और माफियाओं द्वारा जनता के वोट लेने होते हैं। नतीजतन सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों के इशारे पर पुलिस संगठित अपराधों की अनदेखी शुरू कर देती है। जब कानून लागू करने वाली पुलिस ही संगठित अपराधों की अनदेखी करेगी और अपराधी को बचाने के लिए साक्ष्य पेश नहीं करेगी, तब कानून अपराधी को सबूत के अभाव में सजा नहीं दे सकता। ऐसे में, नए कानून भी पुरानी व्यवस्था की तरह अपराधों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित होंगे।



देश की बाहरी सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी सेना की है और आंतरिक सुरक्षा पुलिस संभालती है। सैन्य कानून की धारा 34 के तहत सेना की सफलता और उसके उद्देश्यों में बाधा आने पर जिम्मेदार सैनिकों के लिए मृत्युदंड तक का प्रावधान है। पर पुलिस को अपनी जिम्मेदारी का एहसास दिलाने के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। देश के अलग-अलग हिस्सों में कुछ बाहुबली अगर बड़े माफिया बन पाए, तो वह पुलिस के संरक्षण और परोक्ष सहयोग के कारण ही।

पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने सत्ता से बेदखल होने के डर से आपातकाल लगा दिया था, जिसके तहत पुलिस ने पूरे देश में विपक्षी नेताओं को बिना किसी अपराध के और न्यायालय के आदेश के बिना जेल में बंद कर दिया। आपातकाल हटने के बाद जनता पार्टी की सरकार ने पुलिस व्यवस्था में सुधार करने और उसे जनता के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए पुलिस सुधार आयोग का गठन किया। पर कुछ समय बाद जनता पार्टी सत्ता से बाहर हो गई और सत्ता में आई कांग्रेस ने पुलिस सुधार आयोग की सिफारिशों को नकारते हुए एक और पुलिस आयोग का गठन किया। इस प्रकार वर्ष 1996 तक कई पुलिस आयोग गठित किए गए और उनकी रिपोर्टों में यही कहा गया था कि राज्य पुलिस को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाना चाहिए, जिससे राजनेता और नौकरशाह अपने प्रभाव से उसकी कार्यप्रणाली को प्रभावित न कर सकें। पर 1996 तक केंद्र सरकार ने पुलिस आयोग की यह रिपोर्ट लागू करने की तरफ कोई कदम नहीं उठाया। तब डीजीपी रहे पुलिस अधिकारी प्रकाश सिंह ने पुलिस आयोग की रिपोर्ट लागू करवाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उस पर 2006 में सर्वोच्च न्यायालय ने सात सूत्रीय पुलिस सुधारों का आदेश दिया और केंद्र व राज्य सरकारों को इन सुधारों को लागू करने के लिए जनवरी, 2007 की समय सीमा तय की। पर अब तक इन सुधारों की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, क्योंकि कोई भी राज्य सरकार पुलिस पर अपना नियंत्रण गंवाना नहीं चाहती।

जाहिर है कि आंतरिक सुरक्षा के महत्वपूर्ण तंत्र पुलिस बल को अपने कर्तव्य निर्वहन में सक्षम बनाने के लिए पूरे देश में पुलिस सुधार लागू किए जाने चाहिए, तभी देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत बनेगी। तीन नए संशोधित आपराधिक कानूनों की सफलता भी पुलिस सुधार पर निर्भर है।




आनंद, असीम ज्ञान, शक्ति, निडरता, खुशी, और शांति हमारी आत्मा के खजाने हैं। यदि हम सही स्थान पर खोज पायें, तो ये सभी हमें मिल जायेंगे।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# सारी दुनिया में चलता है ग्रेगोरियन कैलेंडर

मात्र आधा दर्जन से कम देशों को छोड़ दें तो भारत सहित सम्पूर्ण विश्व में नववर्ष की शुरुआत एक जनवरी को होती है। यूं कहें कि लगभग सारा विश्वसमाज नई आशाओं और अभिलाषाओं को लेकर नववर्ष के उल्लास में डूबा हुआ है। भारत में हिन्दू आबादी लगभग 80 प्रतिशत होने के साथ ही 22 मार्च 1957 को भारत सरकार ने ग्रेगोरियन कैलेंडर के साथ शक संवत को देश के राष्ट्रीय पंचांग के रूप में मान्यता प्रदान की थी। फिर भी भारत में अंग्रेजों द्वारा सन 1752 में भारत में शुरू किया गया कैलेंडर या पंचांग प्रचलन में है तो उसके एक नहीं बल्कि अनेक कारण हैं।

### संविधान सभा ने ग्रेगोरियन कैलेंडर का ही माना था उपयुक्त

संविधान सभा ने भावी धर्म निरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य की एकता और अखण्डता का बनाए रखने के लिए हिन्दू शक सम्बतसर शुरू करने के बजाय ग्रेगोरियन कलेंडर को मान्यता दी थी। इसका एक कारण यह भी था भारत के विभिन्न क्षेत्रों में वर्ष भर में कई दिन नववर्ष दिवस के रूप में मनाए जाते हैं।

पंजाब में नया साल बैसाखी, असम में बोहाग बिहू, तमिलनाडु में पुथंडु, केरल में विशु, ओडिशा में पना संक्रांति या ओडिया नबाबरसा और बंगाल में पोइला बोइशाख के रूप में आता है। चंद्र कैलेंडर का पालन करने वाले लोग चैत्र महीने को वर्ष का पहला महीना मानते हैं। इसलिए आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक में उगादी और गुढ़ी पड़वा की तरह इस महीने के पहले दिन नया साल मनाया जाता है। गुजरात में नया साल कार्तिक (एकम) के पहले दिन पर पड़ता है।



लद्दाख और सिक्किम में लोसर और अरुणाचल प्रदेश में न्योशी जनजाति द्वारा मनाया जाने वाला, न्योकुम युलो नववर्ष का प्रतीक है। नवरोज या नवरेह कश्मीरी पंडित समुदाय में मनाया जाने वाला कश्मीरी नववर्ष है। इसी प्रकार, भारत में कुछ क्षेत्र लगातार संक्रांतियों के बीच की अवधि को एक महीना मानते हैं और कुछ अन्य लगातार पूर्णिमाओं के बीच की अवधि को एक महीना मानते हैं।

### जूलियस सीजर ने शुरू किया था अपना कैलेंडर

सत्ता में आने के बाद रोमन तानाशाह जूलियस सीजर ने साम्राज्य का पुराना कैलेंडर बदल कर रोमन देवता जानूस के नाम से पहले महीने की शुरुआत की थी। इसमें एक जनवरी को पहला दिन घोषित किया गया। बाद में पोप ग्रेगोरी ने जूलियन कैलेंडर में सुधार कर नया कैलेंडर जारी किया जो कि सारी दुनिया में प्रसिद्ध हुआ।

इसे विकसित यूरोपीय इसाई देशों के साथ ही विश्व के बड़े हिस्से पर शासन करने वाले ब्रिटेन ने अपने उपनिवेशों में फैलाया।

### विशिष्टताओं के कारण दुनिया में छाया ग्रेगोरियन कैलेंडर

दरअसल ग्रेगोरियन कैलेंडर में वर्ष की लंबाई को सही करके पहले इस्तेमाल किए गए जूलियन कैलेंडर में अशुद्धियों को संशोधित किया गया। इसने लीप वर्षों के लिए अधिक सटीक प्रणाली शुरू की, जिससे समय की गणना में त्रुटि की आशंका कम हो गई।

ग्रगोरियन कैलेंडर का उद्देश्य कैलेंडर वर्ष को सौर वर्ष के साथ अधिक निकटता से सिंक्रोनाइज करना था। जिससे यह सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की कक्षा को ट्रैक करने में अधिक सटीक हो सके। इसकी शुरुआत कैथोलिक चर्च के प्राधिकार द्वारा समर्थित थी, जिसका उस समय यूरोप में महत्वपूर्ण प्रभाव था।

# 400 करोड़ लोगों का पेट भर रहे ये 12 पौधे और 5 जानवर

अगर आपसे कोई कहे कि सिर्फ 12 पौधे और 5 जानवर दुनिया का पेट भर रहे हैं, तो शायद ही आपको यकीन होगा. लेकिन यह 100 फीसदी सच है.

## जरा हट के



दुनिया के 400 करोड़ लोग अपनी भूख मिटाने के लिए इन चंद पौधों और जीवों पर निर्भर हैं. संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर में पौधों की 3 लाख से ज्यादा प्रजातियां मौजूद हैं. लेकिन सिर्फ 30 हजार प्रजातियां ही ऐसी हैं, जिन्हें खाने के बारे में इंसान सोच सकता है. इनमें से 7 हजार प्रजातियों को इंसानों ने किसी न किसी दौर में जरूर उगाया है. कभी खाने के लिए तो कभी कृषि की जरूरतों को पूरा करने के लिए. मगर ऐसी प्रजातियों की संख्या सिर्फ 255 है, जिनके ईद-गिर्द इंसानों का फूड साइकल चलता है. इनमें से भी सिर्फ 12 पौधे ऐसे हैं, जो 61 फीसदी इंसानों का पेट भरते हैं. इनमें गेहूं, चावल, मक्का, गन्ना, सोया, आलू, पॉम ऑयल, कसावा, शकरकंद, मुंगफली, मिलेट्स और ज्वार शामिल हैं.

गेहूं, चावल, मक्का, गन्ना और आलू तो भारत में भी ज्यादातर घरों में इस्तेमाल होता है. गेहूं तो दुनिया में सबसे ज्यादा खाया जाने वाला अन्न है. क्योंकि इसी से ब्रेड बनती है, तो इसी से बिस्किट भी. इसी तरह चावल का भी इस्तेमाल दूसरे नंबर पर होता है. मक्का और आलू तो हर घर का हिस्सा होते हैं. गन्ने से शुगर बनता है, जो हर घर में प्रयोग होत है. रिपोर्ट के मुताबिक, 26 तरह के अनाज, 17 तरह के जड़, 26 तरह की दालें, 44 तरह की सब्जियां और 59 तरह के फल इंसान खाते हैं.

इसके बाद बात आती है, सबसे ज्यादा खाए जाने वाले जानवरों की. इनमें मुर्गी, गाय, भैंस, बकरी और सुअर का नाम आता है. आप जानकर हैरान होंगे कि सिर्फ ये 5 जीव दुनिया के 14 फीसदी लोगों का पेट भरते हैं. उनके मांस, दूध और पोल्ट्री प्रोडक्ट लोग खाने में इस्तेमाल करते हैं. इन्हीं से बहुत सारे उत्पाद बनाए जाते हैं. यहां तक कि दवाओं में भी इनका भरपूर इस्तेमाल किया जाता है.

# हेल्दी डाइट-एक्सरसाइज के बाद भी नहीं घट रहा मोटापा?

आजकल का गलत खानपान और अनहेल्दी लाइफस्टाइल कई गंभीर बीमारियों का कारण बन रहा है. इसमें शरीर का बढ़ता वजन बेहद चिंता का विषय है. क्योंकि, देशभर में उम्रदराज ही नहीं, बच्चे और युवा भी इसके शिकार हो रहे हैं. इससे निजात पाने के लिए लोग तमाम तरह की कोशिशें करते हैं. इसके बाद भी वजन कम होने का नाम नहीं लेता है. ऐसे में यदि आपका भी हेल्दी डाइट और रेगुलर एक्सरसाइज के बाद वजन कम नहीं हो रहा है तो इसका मतलब है कि आपका मेटाबॉलिज्म स्लो है. बता दें कि, मेटाबॉलिज्म एक आंतरिक क्रिया है, जिसके जरिए हमारा शरीर भोजन को एनर्जी में बदलने का काम करता है. इससे पूरे शरीर में ऊर्जा का संचार होता है. ऐसे में यदि हमारा खानपान और दिनचर्या बिगड़ जाए तो इसका मेटाबॉलिज्म पर गहरा प्रभाव पड़ता है. मेटाबॉलिज्म स्लो होने से शरीर का वजन तेजी से बढ़ेगा. साथ ही थकान, हाई कोलेस्ट्रॉल, जोड़ों में सूजन, इर्रेगुलर पीरियड और ड्राई स्किन जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं. इन परेशानियों से बचने के लिए आप किचन में मौजूद कुछ मसालों की मदद ले सकते हैं. क्योंकि, इन मसालों में मेटाबॉलिज्म बढ़ाने की क्षमता होती है. आइए बलरामपुर चिकित्सालय लखनऊ के आयुर्वेदाचार्य डॉ. जितेंद्र शर्मा से जानते हैं मेटाबॉलिज्म बढ़ाने वाले मसालों के बारे में-

### 5 मसालों के सेवन से जल्द होगा वेट लॉस

**दालचीनी:** एक्सपर्ट के मुताबिक, दालचीनी का इस्तेमाल खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है. लेकिन, दालचीनी मेटाबॉलिज्म को भी बढ़ावा देने में असरदार है. दरअसल, दालचीनी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जिसके सेवन से भूख कम लगती है और वजन कंट्रोल रहता है. इसके अलावा पाचन-तंत्र भी हेल्दी रहता है.



**जीरा:** हर किचन में पाया जाने वाला जीरा प्रमुख मसालों में से एक है. इसका इस्तेमाल अमूमन हम दाल और सब्जी में तड़का लगाने के लिए करते हैं. लेकिन, जीरा सेहत को भी काफी फायदेमंद है. बता दें कि, जीरे में मौजूद पोषक तत्व शरीर के मेटाबॉलिक रेट को बढ़ाने में मदद करते हैं. इसके सेवन से शरीर को एनर्जी मिलती है और वजन घटाने में भी मदद मिलती है. जीरे के पानी का सेवन सुबह खाली पेट किया जा सकता है.

**अदरक:** हर घर में आसानी से मिलने वाली अदरक सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है. दरअसल, अदरक में एंटीऑक्सीडेंट्स के अलावा जिंजरोल और कैप्सैसिइन गुण मौजूद होते हैं. ये मेटाबॉलिक रेट को बढ़ावा देने का काम करते हैं. साथ ही, अदरक में कुछ खास ऑयल्स भी होते हैं, जो बॉडी टेम्प्रेचर को थोड़ा-सा बढ़ाते हैं, जिससे कैलोरी बर्न करने में मदद मिलती है.

**हल्दी:** तमाम औषधीय गुणों से यूक्त हल्दी में एंटी-बैक्टीरियल, एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो शरीर को कई रोगों से बचाने में मदद करते हैं. हल्दी में मौजूद करक्यूमिन कंपाउंड मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में मदद करता है, जिससे कैलोरी तेजी से बर्न होती है. आप अपने सूप, दाल, दूध और करी में मिलाकर हल्दी का सेवन कर सकते हैं.

**सौंफ:** सौंफ सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती है. इसमें मौजूद पोषक तत्व पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने के साथ इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मदद करते हैं. सौंफ खाने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है. इसे खाने से भूख कम लगती है, जिससे आप ओवरईटिंग करने से बच जाते हैं. सौंफ को अपनी डाइट में शामिल करके आप अपनी वेट लॉस जर्नी को आसान बना सकते हैं.

# पनीर रोस्टी




### सामग्री

- दही- 2 कप
- सूजी- 2 कप
- पनीर- 200 ग्राम
- अदरक- 1 छोटा टुकड़ा
- कटा प्याज- 1
- कटी शिमला मिर्च- 1-2
- बारीक कटी गाजर- 1
- बारीक कटी हरी मिर्च- 2-3
- कटी लहसुन- 3-4 कली
- कटी हुई बींस- 2 कप
- चिली फ्लेक्स- 1 चम्मच
- धनिया पाउडर- 1 चम्मच
- काली मिर्च पाउडर- 2 छोटी चम्मच
- तेल- 3 चम्मच (अंदाजानुसार)
- जीरा- 1 चम्मच
- हल्दी पाउडर- 1 चम्मच
- करी पत्ता- 7-8
- सरसों के दाने- 1 चम्मच
- पानी- आवश्यकतानुसार
- नमक- स्वादानुसार

### बनाने का तरीका

स्वाद से भरपूर पनीर रोस्टी बनाने के लिए सबसे पहले सूजी और दही को एक बाउल में डालें. फिर इसमें एक कप पानी डालकर ठीक से मिला लें. इसके बाद पैन को गैस पर रखें और इसमें एक चम्मच तेल डालकर सरसों के बीज, जीरा,



करी पत्ता डाल दें और कुछ सेकेंड भूनें. अब इसमें हरी मिर्च, लहसुन, अदरक और प्याज डालकर कुछ सेंकेड के लिए फ्राई करें. जब ये गोल्डन ब्राउन हो जाएं तो इसमें कटी हुई शिमला मिर्च, बीन्स, गाजर भी डाल दें और थोड़ी देर तक भूनें. जब ये अच्छी तरह से भुन जाए तो इसमें चिल्ली फ्लेक्स, नमक, धनिया पाउडर, काली मिर्च पाउडर डालकर एक से दो मिनट तक भूनें. अब पनीर को कद्दूकस करके इसमें डालें. अच्छी तरह से मसालों के साथ इसे मिक्स करके एक से दो मिनट के लिए पकाएं. नमक भी डाल दें. अब गैस बंद कर दें और मिश्रण को ठंडा होने दें. सूजी और दही से बने घोल में पनीर के मिक्सचर को डालकर अच्छी तरह से मिलाएं. बहुत गाढ़ा हो गया हो तो थोड़ा सा पानी डाल दें. अब पैन गर्म करें. इसमें थोड़ा सा तेल डालें और इस घोल को डालकर पैन में अच्छी तरह से फैला दें. ढक्कन से कवर करके कम आंच पर दोनों तरफ से अच्छी तरह से सेकें. इस तरह से टेस्टी पनीर रोस्टी बनकर तैयार है.

# मॉर्निंग वॉक या फिर रनिंग...

## कैसे फटाफट कम होगा आपका वजन? आयुर्वेदिक डॉक्टर से जानें टिप्स

अक्सर लोग वेट घटाने के चक्कर में रनिंग या वॉकिंग करते हैं. हालांकि इस दौरान हमेशा कंफ्यूज रहते हैं कि रनिंग करने से जल्दी पेट घटेगा या फिर वॉकिंग से. ऐसे में झारखंड की राजधानी रांची के जाने माने आयुर्वेदिक डॉक्टर वीके पांडे ने वेट लॉस के लिए सबसे कारगर तरीका बताया है. आयुर्वेदिक डॉक्टर वीके पांडे ने बताया कि वॉकिंग या फिर रनिंग इन दोनों में से किसी एक को चुनने में अक्सर लोगों को कंफ्यूजन होता है. कई लोग कहते हैं कि रनिंग करने से वेट जल्दी कम होता है, तो कुछ वॉकिंग करने से वेट लॉस का दावा करते हैं. साथ ही बताया कि ऐसा कुछ भी नहीं है. वॉकिंग करिए या फिर रनिंग, वेट सिर्फ इन दो चीजों को करने से ही कम नहीं होता है बल्कि आपको और भी चीजों का ख्याल रखना पड़ता है.

### वॉकिंग करें या रनिंग



डॉक्टर वीके पांडे ने बताया कि वॉकिंग करने के अपने फायदे हैं, तो रनिंग करने के अपने फायदे हैं. अगर आपने मॉर्निंग वॉक शुरू नहीं किया है, तो रनिंग करने से बचें. दरअसल रनिंग करने से आपकी हार्टबीट काफी तेजी से ऊपर नीचे होती है और आप जल्दी थक सकते हैं.आप पहले वॉकिंग से शुरुआत करें और तीन-चार महीने में रनिंग की आदत डालें. साथ ही बताया कि वॉकिंग करने से आपका बॉडी का ब्लड सर्कुलेशन ठीक होता है और वेट हमेशा कंट्रोल में रहता है. वॉकिंग के फायदे यह हैं कि अगर आपका वेट काफी अधिक है, तो भी आसानी से वॉकिंग कर सकते हैं. वॉकिंग सेहत के लिए सबसे बेस्ट माना जाता है. अगर आप तेज वॉक कर सकते हैं, तो इससे आपकी बॉडी का मेटाबॉलिज्म बूस्ट होगा. आपकी पाचन शक्ति तेज होगी और आपकी हाई बीपी जैसी समस्या भी कंट्रोल रहेगी.

### रनिंग के दौरान इन बातों का रखें ख्याल

डॉक्टर वीके पांडे ने बताया कि रनिंग की कुछ लिमिटेशन हैं. मसलन अगर आपका वेट 100 किलो के पार है, तो फिर आपको रनिंग नहीं करनी चाहिए. इससे आपके घुटनों पर गंभीर असर पड़ सकता है. आपको ऐसे में शुरुआत वॉकिंग से ही करनी चाहिए. अगर आप इतने वेट में रनिंग करते हैं, तो आपके घुटने दर्द करने के साथ घिसने जैसी समस्या के शिकार हो जाएंगे. साथ ही बताया कि वेट घटाने का सबसे अच्छा विकल्प सुबह आधा घंटे या 40 मिनट की सैर है. ये आपके बॉडी पॉश्चर और बॉडी का मास इंडेक्स भी ठीक रहेगा. हालांकि रनिंग से आपके शरीर का फैट लॉस तेजी से होता है, जिससे आप काफी दुबले पतले दिखेंगे, लेकिन वॉकिंग आपको एक हेल्थी बॉडी मेंटेन करने में मदद करती है.

# सर्दियों में बालों के लिए वरदान है नारियल का दूध

सर्दियों का मौसम शुरू होते ही त्वचा काफी ड्राई होने लगती है। ऐसे में हर कोई तमाम तरह के बॉडी लोशन का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा की नमी बरकरार रखने की कोशिश करता है। इसके लिए लोग बाजार में मिलने वाले प्रोडक्ट्स का तो इस्तेमाल करते ही हैं, इसके साथ ही वो कुछ घरेलू नुस्खों को भी अपनाते हैं।



अगर सर्दियों के मौसम में आपके बाल काफी ज्यादा झड़ रहे हैं, तो आप नारियल के दूध का इस्तेमाल बालों में कर सकते हैं।

इसके लिए आपको बस नारियल के दूध को हाथ में लेकर इसे स्कैल्प पर अच्छे से लगाना है। इससे बालों की जड़े मजबूत होती हैं, जिस वजह से झड़ते बालों की रोकथाम हो सकती है।

### बाल हो रहे हैं ड्राई

अगर आपके बाल काफी ज्यादा ड्राई हो रहे हैं, तो आप नारियल के दूध का इस्तेमाल आसानी से अपने घर पर कर सकते है।

नारियल के दूध में कई तरह के ऐसे बायोटिक कॉम्पोनेंट्स होते हैं जो कि आपके डैमेज बालों को नमी प्रदान करते हैं और जिससे दोमुंहे बालों की समस्या नहीं होती है। इससे बाल काफी मुलायम भी हो जाते हैं।

### बालों की ग्रोथ के लिए करें इस्तेमाल

अगर आपके बालों की ग्रोथ थम सी गई है तो आप नारियल के दूध का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल से आपकी स्कैल्प का ब्लड सर्कुलेशन तेज होगा, जिससे बालों की ग्रोथ काफी तेजी से होने लगती है। इसके लिए आपको बस एलोवेरा जेल में नारियल के दूध को मिलाना है और फिर इसे आप अपनी स्कैल्प पर लगा सकते हैं।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**वृषभ** : शत्रु सक्रिय रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। भाग्य का साथ मिलेगा। परिवार की चिंता रहेगी।

**मिथुन** : परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति की बातों में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें, लाभ होगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

**कर्क** : व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विरोध होगा। विवाद से क्लेश होगा, इससे बचें। पुराना रोग उभर सकता है। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

**सिंह** : धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने में रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा। तनाव व चिंता का वातावरण बन सकता है।

**कन्या** : व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। प्रमाद न करें। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीर्वाद मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे।

**तुला** : अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। किसी व्यक्ति विशेष की नाराजी झेलना पड़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक** : धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**धनु** : यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नौकरी में कार्यभार रहेगा। भागदौड़ रहेगी।

**मकर** : धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। रुके कार्यों में गति आएगी। प्रसन्नता रहेगी। जोखिम न उठाएं। जल्दबाजी से चोट लग सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है।

**कुंभ** : भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। प्रमाद न करें। जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। शरीर शिथिल हो सकता है। जल्दबाजी न करें।

**मीन** : जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। कार्य समय पर पूर्ण होंगे। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### 120 KM प्रति घंटे की रफ्तार गंगा एक्सप्रेस-वे पर चलेगी कार

**मेरठ.** सीएम योगी आदित्यनाथ आगामी महाकुंभ 2025 से पहले उत्तर प्रदेश को एक और बड़ी सौगात देने की तैयारी में हैं। देश के दूसरे सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे को साल के अंत तक संचालित करने के लिए मुख्यमंत्री ने यूपीडा के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। यूपी फिलहाल देश में सर्वाधिक एक्सप्रेस-वे वाला राज्य है। यहां 6 एक्सप्रेस-वे संचालित हैं, जबकि 7 निर्माणाधीन हैं। इनमें गंगा एक्सप्रेस-वे सीएम योगी की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है। इसकी प्रस्तावित लंबाई 594 किमी है, जो मुंबई-नागपुर एक्सप्रेस-वे के बाद देश का दूसरा सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे बनने जा रहा है। वहीं भारत के टॉप 10 लंबे एक्सप्रेस-वे में भी यूपी के चार एक्सप्रेस-वे पहले से ही अपना स्थान बनाए हुए हैं। गंगा एक्सप्रेस-वे के संचालन के साथ ही शीर्ष 10 में यूपी के 5 एक्सप्रेस-वे शामिल हो जाएंगे।

### अयोध्या में सरयू किनारे बनेगी आधुनिक टेंट सिटी, मिलेगा हेरिटेज कॉटेज स्टे का अनुभव

**अयोध्या.** अयोध्या में सरयू के किनारे 20 एकड़ की भूमि पर इन दिनों टेंट सिटी का काम युद्ध स्तर पर है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने आए रामभक्तों को यहां ठहराने की व्यवस्था की जा रही है। कमरों के साथ कुल मिलाकर दो हजार शौचालय और 10 बेड का अस्पताल भी बनेगा। रहने खाने सहित पूरी व्यवस्था कुंभ की तर्ज पर तैयार की जा रही है। इसी लिए निर्माण का कार्य उन्हें सौंपा गया है जिन्होंने देश मे होने वाले किसी भी कुंभ में टेंट सिटी बनाने का कार्य किया है। इस स्थान पर चारो दिशाओं से लोगों का आवागमन हो सकता है। एक बार में हजारों लोगों को ठहराने की क्षमता के साथ इसमें तीन बेड के कमरे बनाए जा रहे हैं। जिसमे शौचालय भी होगा।

### शुक्रिया मोदी भाईजान बोलती रहेंगी मुस्लिम महिलाएं : फरहत

**बरेली.** मेरा हक फाउंडेशन की अध्यक्ष फरहत नकवी ने समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के बयान का पलटवार किया है। फरहत नकवी ने कहा कि मुस्लिम महिलाएं शुक्रिया मोदी भाईजान बोलती रहेंगी। फरहत ने कहा कि सपा सांसद केवल बयानबाजी करते हुए अपनी राजनीति को चमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि शफीकुर्रहमान बड़बोले बयानबाजी करके दूसरे आजम खां बन रहे हैं। फरहत ने वीडियो जारी करते हुए कहा कि मुस्लिम कौम की चिंता अगर शफीकुर्रहमान को अब सता रही है। सपा सरकार और सांसद रहते हुए उन्होंने अब तक क्या किया है।

### कोटेदारों ने तहसील में किया प्रदर्शन

**बूढ़नपुर.** विभिन्न मांगों को लेकर कोटेदारों ने सोमवार को बूढ़नपुर तहसील में प्रदर्शन किया। इसके बाद लाभांश समेत अन्य मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कोटेदार संघ के अध्यक्ष सीताराम सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन करने के बाद कोटेदारों ने कहा कि कोटेदारों को लाभांश अन्य प्रदेशों की तुलना में काफी कम मिल रहा है। एसडीएम बूढ़नपुर प्रेमचंद्र मौर्य ने उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस दौरान मुन्नीलाल गुप्त, भगत सिंह, अनिल यादव, सुभाष वर्मा, अनिल यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सभी सरकारी-गैर सरकारी स्कूल 3 तक बंद

**गोरखपुर.** कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने कक्षा एक से 12वीं तक के सभी सरकारी-गैर सरकारी स्कूलों को सोमवार से तीन जनवरी तक बंद कर दिया है। अधिकारियों को निर्देश दिया है कि कोई स्कूल खोलता पाया जाए तो उसके खिलाफ कार्रवाई करें। बर्फीली पछुआ हवाओं की वजह से पूरा प्रदेश गलन भरी सर्दी की चपेट में है। ज्यादातर जिलों में अधिकतम तापमान 13 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक कड़ाके की सर्दी का दौर जारी रहेगा। सुबह के समय कोहरा और घना होने की संभावना है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में तीन से पांच जनवरी तक कहीं बूंदाबांदी तो कहीं बौछारें पड़ने के आसार हैं।

# ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल से पेट्रोल-डीजल की किल्लत

- 10 राज्यों में ज्यादा असर
- MP हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से कहा- हड़ताल खत्म कराएं



**नई दिल्ली.** देशभर के ट्रक ड्राइवर हिट एंड रन मामले में केंद्र सरकार के नए कानून के प्रावधानों को लेकर सोमवार से हड़ताल पर हैं। इसकी वजह से विभिन्न राज्यों में पेट्रोल-डीजल, फल-सब्जी जैसी बेहद जरूरी चीजें नहीं पहुंच रही हैं, जिसके चलते इन सभी के दाम बढ़ गए हैं।

मध्य प्रदेश, राजस्थान, समेत 10 राज्यों से पेट्रोल-डीजल पंप ड्राई होने की खबरें हैं। यहां लोगों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। फल, सब्जी, दूध, कृषि के सामानों की सप्लाई प्रभावित हो रही है। कई जगह प्रशासन ट्रांसपोटर्स से संपर्क कर आपूर्ति बहाल करवाने में लगा है।

ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के अध्यक्ष अमृतलाल मदान ने कहा, 'अभी ट्रांसपोटर्स ने हड़ताल की घोषणा नहीं की है। इस पर फैसला मंगलवार को दिल्ली में होने वाली बैठक में होगा। अभी ड्राइवर खुद ही गाड़ियां छोड़कर उतर रहे हैं। दूसरों को भी चलाने नहीं दे रहे हैं।'

उधर, हड़ताल के खिलाफ मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में मंगलवार को 2 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि हड़ताल तुरंत खत्म करवाकर, परिवहन बहाल करवाए. मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को हड़ताल खत्म कराने के निर्देश दिए हैं। दो याचिकाओं पर मंगलवार को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने कहा, 'हड़ताल को तुरंत खत्म करवाया जाए। सरकार परिवहन बहाल करवाए।' इस पर सरकार की तरफ से महाधिवक्ता ने कहा, 'आज शाम तक इस मामले में अहम निर्णय लिया जा रहा है।' ये याचिकाएं नागरिक उपभोक्ता मंच और अखिलेश त्रिपाठी की ओर से दायर की गईं।

#### हिट एंड रन कानून में क्या बदलाव किया गया है, किस बात का विरोध

संसद से पारित और कानून बनी भारतीय न्याय संहिता में हिट एंड रन के मामलों में 'लापरवाही से मौत' में विशेष प्रावधान किए गए हैं। इसके अनुसार यदि चालक के तेज और लापरवाही से गाड़ी चलाने से मौत होती है और ड्राइवर पुलिस या मजिस्ट्रेट को सूचना दिए बिना भाग जाता है, तो 10 साल तक की कैद और 7 लाख रुपए जुर्माना।

#### अब तक क्या कानून है

आईपीसी की धारा 279 (लापरवाही से वाहन चलाना), ड्राइवर की पहचान के बाद 304ए (लापरवाही से मौत) और 338 (जान जोखिम में डालना) के तहत दर्ज किया जाता है। इसमें दो साल सजा का प्रावधान है। वाहन चालक दुर्घटना के बाद भाग जाते थे।

#### ड्राइवरों की चिंता

मौके पर रहे तो भीड़ के गुस्से का सामना करना पड़ सकता है

# भाजपा में एंट्री के लिए बनी स्क्रीनिंग कमेटी

## मंजूरी के बाद ही बाहरी नेताओं को मिलेगा मौका



**नई दिल्ली.** चुनावी सीजन से पहले अकसर नेताओं का दलबदल भी होता ही है। अब लोकसभा चुनाव 2024 से पहले भाजपा ने इसके लिए एक कमेटी ही बना दी है। यह कमेटी दूसरे दलों से आने वाले नेताओं की स्क्रीनिंग करेगी और उसके बाद ही उन्हें पार्टी में एंट्री दी जाएगी। पार्टी के एक सूत्र ने बताया कि यह कमेटी उन नेताओं के इतिहास और करियर का आकलन करेगी बताएगी कि इन्हें एंट्री दी जानी चाहिए या फिर नहीं। इस कमेटी की मंजूरी के बिना दूसरे दल से आने वाले किसी भी नेता को मौका नहीं मिलेगा। इसकी पहली मीटिंग 6 जनवरी को होने वाली है।

इस समिति को बनाने की वजह यह बताई जा रही है कि पार्टी ऐसे नेताओं को ही एंट्री देना चाहती है, जो लंबे समय तक वफादार रहें। इसके अलावा जल्दबाजी में नेताओं को शामिल करने से भी परहेज किया जाएगा और पहले उनके सियासी इतिहास को खंगाला जाएगा। दरअसल नेताओं की एंट्री को लेकर भाजपा सावधानी चाहती है क्योंकि उन पर पूर्व में लगे भ्रष्टाचार समेत अन्य आरोपों का उसे सामना न करना पड़े। यही नहीं वह 'आया राम गया राम' की सोच वाले नेताओं से भी बचना चाहती है, जो अकसर चुनाव से पहले पालाबदल लेते हैं।

भाजपा को बंगाल में ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा था। टीएमसी से आए मुकुल रॉय और बाबुल सुप्रियो को पार्टी ने काफी महत्व दिया था। लेकिन ये लोग ज्यादा दिन तक टिके नहीं। इन लोगों ने चुनाव से पहले भाजपा जॉइन की थी और उसके बाद वापस टीएमसी में चले गए। यही नहीं कई दागी नेताओं की एंट्री को लेकर भी पार्टी को सवालों का सामना करना पड़ता है। इन सभी से बचने के लिए उसने यह स्क्रीनिंग कमेटी ही बना दी है।

## तमिलनाडु में एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग का प्रधानमंत्री मोदी ने किया उद्घाटन



**तिरुचिरापल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया। इसे 1100 करोड़ रुपए में बनाया गया है। PM इसके अलावा रेल, सड़क, तेल और गैस, शिपिंग और उच्चतर शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी 19 हजार 850 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मंगलवार सुबह 10:30 बजे सबसे पहले तिरुचिरापल्ली पहुंचे। यहां वे भारतीदासन विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने गोल्ड मेडलिस्ट स्टूडेंट्स को सम्मानित किया। प्रधानमंत्री के साथ राज्य के गवर्नर आरएन रवि और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री दो दिन तीन राज्यों का दौरा करेंगे। तमिलनाडु के बाद वे दोपहर में लक्षद्वीप के लिए निकलेंगे। यहां वे 1 हजार 150 करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। 3 जनवरी को वे लक्षद्वीप के कुछ कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद केरल के लिए निकलेंगे।

# अब तो टूट गए हो, तो इतना दावा क्यों?

## महाराष्ट्र में उद्धव सेना के दावे पर बोली कांग्रेस, भाजपा से कब मुकाबला





**नई दिल्ली.** भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी राज्यवार रणनीति बना रही है और सीटों पर भी मंथन चल रहा है। वहीं उसके मुकाबले को बने INDIA अलायंस में अभी आपसी मतभेद ही दूर नहीं हो पा रहे हैं। अब महाराष्ट्र में सीट बंटवारे की चर्चा से पहले ही कांग्रेस और शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट में भिड़ंत शुरू हो गई है। उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने 23 सीटों पर लड़ने का दावा किया है, जिन पर 2019 में उसने उम्मीदवार उतारे थे और 18 पर जीत हासिल की थी। वहीं कांग्रेस का कहना है कि सीटों का बंटवारा मेरिट के आधार पर होना चाहिए। यही नहीं कांग्रेस उद्धव गुट को यह भी याद दिला रही है अब आप टूट गए हैं और शिवसेना के दो खेमे हैं।

उद्धव सेना ने जिन 23 सीटों पर दावा ठोका है, उनमें से ज्यादातर मुंबई क्षेत्र में ही हैं। उसका कहना है कि 2019 में जो जिस सीट पर लड़ा था, वहीं से कैंडिडेट उतारे। इसके जवाब में कांग्रेस का कहना है कि अब तो शिवसेना टूट गई है और पहले से काफी कमजोर है। कांग्रेस कह रही है कि सीटों के बंटवारे में जिताऊ फैक्टर का ध्यान रखा जाए। झंझट में फंसी ऐसी ही एक सीट दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट है। यहां से फिलहाल उद्धव गुट के अरविंद सावंत सांसद हैं। कांग्रेस चाहती है कि यहां से उसके नेता मिलिंद देवड़ा उतरें क्योंकि उनके जीतने की अच्छी संभावना है।

कांग्रेस के एक नेता ने कहा, 'देवड़ा के जीतने की अच्छी संभावनाएं हैं। यहां बड़ी संख्या मारवाड़ी, जैन और मुसलमान हैं। सेना का यहां कोई जनाधार नहीं है। यहां से दो चुनाव अरविंद सावंत ने भाजपा के साथ मिलकर जीते थे क्योंकि जैन और मारवाड़ी समुदाय का समर्थन भाजपा के साथ रहा है। अब सेना बंट गई है और भाजपा के साझीदार रहने के तौर पर उसे यहां जो फायदा था, अब नहीं मिलेगा। ऐसे में मिलिंद देवड़ा को ही उतारा जाए।' कहा जा रहा है कि इस सीट पर पेच इतना फंस गया है कि उद्धव ठाकरे ने भी कांग्रेस से बात की है और यह सीट देने में असमर्थता जताई है।

# झारखंड CM सोरेन पत्नी को गद्दी सौंपने की तैयारी में

- ED के 7 नोटिसों के बाद सरकार बचाने की कवायद
- विधायक दल की बैठक बुलाई

झारखंड सरकार पर एक बार फिर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। सीएम हेमंत सोरेन जमीन घोटाला और अवैध खनन के आरोपों में फंसते दिख रहे हैं। 3 जनवरी को सोरेन ने महागठबंधन के विधायक दल की बैठक बुलाई है। चर्चा है कि इस बैठक में उनकी पत्नी कल्पना सोरेन का नाम CM के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है।

हेमंत सोरेन इस संबंध में कानूनी सलाह भी ले रहे हैं। हेमंत सोरेन ने मंगलवार को महाधिवक्ता राजीव रंजन से मुलाकात की। वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक भी हुई जिसमें सीएम के सचिव विनय चौबे भी शामिल रहे।

दूसरी तरफ प्रवर्तन निदेशालय (ED) के सात समन के बाद भी सीएम पूछताछ के लिए तैयार नहीं हुए। माना जा रहा है कि ईडी बड़ी कार्रवाई के मूड में है।



इस बीच राजभवन में बंद लिफाफे की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। अगर राजभवन का लिफाफा खुला और हेमंत सोरेन की सदस्यता चली गई, तो झारखंड सरकार खतरे में आ जाएगी। इसी तरह अगर ED ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने का फैसला लिया तब भी महागठबंधन की सरकार पर संकट छाएगा।

#### गांडेय विधायक ने क्यों दिया इस्तीफा

माना जा रहा है कि सरकार पर मंडराते दो बड़े खतरों से निपटने के लिए गांडेय विधायक ने इस्तीफा दिया। सरफराज अहमद ने इस्तीफे के बाद कहा- यह फैसला महागठबंधन धर्म को ध्यान में रखकर लिया है। यह मेरा व्यक्तिगत फैसला है। मेरे अब तक के अनुभव से मुझे खतरा नजर आ रहा था। मैंने झारखंड और गठबंधन की सरकार को ध्यान में रखकर फैसला लिया। इस फैसले से झारखंड भी बचेगा और सरकार भी।

### जापान के भूकंप में अब तक 48 की मौत

जापान के इशिकावा में नए साल के पहले दिन 7.6 की तीव्रता का भूकंप आया। जापान टुडे के मुताबिक इससे अब तक 48 लोगों की मौत हो चुकी है, वहां 140 आफ्टरशॉक भी दर्ज किए गए हैं। इनकी तीव्रता 3.4 से 4.6 के बीच रही है। इस बीच सुरक्षाकर्मी रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं। इशिकावा में भूकंप से कई जगहों पर आग लग गई। इससे 200 इमारतें जलकर खाक हो चुकी हैं। 32,500 घरों में बिजली नहीं है।

# योगीराज की बनाई रामलला की मूर्ति स्थापित होगी!

- केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी
- कर्नाटक के मूर्तिकार ने इंडिया गेट की नेताजी की प्रतिमा भी तराशी



**अयोध्या.** अयोध्या के राम मंदिर के लिए रामलला की मूर्ति फाइनल हो गई है। इसे कर्नाटक के प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाया है। इसकी जानकारी केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और कर्नाटक के पूर्व सीएम येदियुरप्पा ने सोशल मीडिया पर दी।

उन्होंने लिखा, 'जहां राम हैं, वहां हनुमान हैं। कर्नाटक हनुमान की भूमि है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हनुमान की भूमि कर्नाटक से रामलला के लिए यह एक महत्वपूर्ण सेवा है।' उधर, भाजपा नेता येदियुरप्पा ने भी योगीराज को बधाई दी और इसे राज्य के लिए गौरव का पल बताया। हालांकि, राम मंदिर ट्रस्ट ने इसकी अब तक कोई पुष्टि नहीं की है।

इससे पहले श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा था कि गर्भ गृह में सिर्फ भगवान राम के बाल रूप की मूर्ति स्थापित होगी। यह राम का वह रूप होगा, जिसमें वे 5 साल के बालक रूप में होंगे। क्योंकि मूर्ति भगवान के बाल स्वरूप की है, इसलिए मुख्य मंदिर के गर्भगृह में मां सीता की कोई मूर्ति नहीं होगी।

राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। इसमें 1 मिनट 24 सेकेंड का वक्त लगेगा। काशी के पंडितों ने यह मुहूर्त तय किया है। द्रविड़ बंधु पं. गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और पं. विश्वेश्वर शास्त्री ने बताया था कि दोपहर 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकेंड से मूल मुहूर्त होगा, जो 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड तक चलेगा। इस दौरान संत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद रहेंगे।

#### योगीराज ने भी कहा- मुझे अब तक कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली

अरुण योगीराज ने बताया कि उन्हें आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा- मुझे खुशी है कि मैं उन मूर्तिकारों में हूं, जिन्हें इस काम के लिए चुना गया। मूर्ति ऐसी होनी चाहिए थी जिसमें भगवान का दिव्य बाल स्वरूप दिखे। लोग मूर्ति को देखें तो दिव्यता का एहसास हो। बच्चे जैसे चेहरे के साथ-साथ दिव्यता को ध्यान में रखते हुए, मैंने छह से सात महीने पहले काम शुरू किया था। योगीराज की मां सरस्वती ने कहा कि यह हमारे लिए सबसे ज्यादा खुशी का पल है। मैं योगीराज को रामलला की मूर्ति को तराशते और आकार देते हुए देखना चाहती थी, लेकिन उसने कहा कि वह मुझे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन मूर्ति दर्शन के लिए ले जाएगा।

# मेसी की 10 नंबर जर्सी होगी रिटायर



- वर्ल्ड चैंपियन कप्तान को अर्जेंटीना देगा सम्मान

लियोनेल मेसी के संन्यास लेने के बाद, उनकी 10 नंबर जर्सी को भी अर्जेंटीना की नेशनल फुटबॉल टीम से रिटायर कर दिया जाएगा। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने यह फैसला मेसी को सम्मान देने के लिए किया है। मेसी अभी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास नहीं लिया है।

अर्जेंटीना ने पिछले साल कतर में मेसी की कप्तानी में फुटबॉल वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। टीम 36 साल बाद वर्ल्ड चैंपियन बनी थी। अर्जेंटीना ने फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराया था।

#### हम उनके लिए इतना तो कर ही सकते है – AFA अध्यक्ष

स्पेन के अखबार मार्का ने अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (AFA) के अध्यक्ष क्लाउडियो तापिया के हवाले से लिखा है कि जब मेसी इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लेंगे तो उनके बाद किसी और को उनकी 10 नंबर की जर्सी पहनने की इजाजत नहीं होगी। 10 नंबर की जर्सी को मेसी के सम्मान में रिटायर कर दिया जाएगा। हम उनके लिए इतना तो कर ही सकते हैं।

#### मेसी से पहले डिएगो माराडोना भी पहनते थे यह जर्सी

मेसी से पहले डिएगो माराडोना भी अर्जेंटीना से खेलते हुए 10 नंबर की जर्सी पहनते थे। अर्जेंटीना ने माराडोना के सम्मान में इस जर्सी को 2002 में रिटायर करने का प्रयास किया था, मगर इंटरनेशनल फुटबॉल फेडरेशन के सख्त नियमों की वजह से ऐसा नहीं हो सका।

फीफा के नियमों के अनुसार टीमों को 1 से 23 नंबरों का उपयोग करना ही होगा। ऐसे में भविष्य में इस नंबर की जर्सी मजबूरन किसी को लेनी पड़ सकती है।

# 25 किमी मारक क्षमता, एकसाथ 4 टारगेट पर अटैक

## भारत के आकाश मिसाइल सिस्टम से क्यों कांप रहे दुश्मन



**नई दिल्ली.** भारत की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल आकाश की इन दिनों खूब चर्चा हो रही है। इसने दूसरे देशों का भी ध्यान अपनी ओर खींचा है क्योंकि वे एडवांस्ड वेपन प्लेटफार्म खरीदने का विचार कर रहे हैं। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) की ओर से इस मिसाइल सिस्टम को डेवलप किया गया है। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (BDL) ने इसे प्रोड्यूस किया है। आकाश एक छोटी दूरी का सरफेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम है जो कमजोर क्षेत्रों को हवाई हमलों से बचा सकता है।

डीआरडीओ का कहना है कि भारत सिंगल फायरिंग यूनिट का इस्तेमाल करके ऐसी क्षमता रखने वाला पहला देश बन गया। घरेलू मिसाइल प्रणाली की क्षमता को 12 दिसंबर को अस्त्रशक्ति सैन्य अभ्यास में प्रदर्शित किया गया था। यह सैन्य अभ्यास भारतीय वायुसेना की ओर से आयोजित किया गया।

#### आकाश मिसाइल सिस्टम की विशेषता...

1. आकाश 25 किलोमीटर तक की मारक क्षमता वाली सतह से हवा में मार करने वाली एक कम दूरी की मिसाइल है जिसका इस्तेमाल मुख्य रूप से संवेदनशील ठिकानों को हवाई हमलों से बचाने के लिए किया जाता है।
2. आकाश वेपन सिस्टम से ग्रुप मोड में एक ही समय में कई टारगेट पर हमले कर सकते हैं।
3. आकाश में इलेक्ट्रॉनिक काउंटर-काउंटर मेजर्स (**ECCM**) लगे हैं, जो दुश्मन के मिसाइल को भेदने में मदद करते हैं।
4. पूरे आकाश वेपन सिस्टम को मोबाइल प्लेटफॉर्म पर कॉन्फिगर किया गया है। यह इसे चुस्त और फुर्तीला बनाता है। इसे तेजी से कहीं भी ले जा सकते हैं।
5. आकाश मोबाइल प्रणाली मिसाइल दागने के बाद और दुश्मन के जवाबी हमला शुरू करने से पहले स्थान बदल लेता है जिससे यह लंबे समय तक जंग में बने रहता है।
6. आर्मेनिया के बाद, ब्राजील और मिस्र ने आकाश **SAM** के प्रति दिलचस्पी दिखाई है।
7. खास बात यह भी है कि 25 किमी की दूरी पर एकसाथ 4 हवाई लक्ष्यों को निशाना बनाने में आकाश मिसाइल प्रणाली सक्षम है।

# मणिपुर में सुरक्षाबलों पर आरपीजी अटैक

- 5 जवान घायल
- 1 जनवरी की हिंसा में 4 की मौत
- इंफाल समेत 5 जिलों में कर्फ्यू

**इंफाल.** मणिपुर में 12 घंटे के अंदर दूसरी बार सुरक्षाबलों और विद्रोहियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों पर आरपीजी से हमला किया गया, जिसमें मणिपुर पुलिस के 4 और बीएसएफ का एक जवान घायल हुआ है। उन्हें इलाज के लिए इम्फाल भेजा गया है।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक, आज (2 जनवरी) की सुबह तेंगनौपाल जिले के मोरेह शहर में सर्च ऑपरेशन चल रहा था। टीम ने दो लोगों को पकड़ा, इसी दौरान सुरक्षाबलों पर हमला किया गया।

स्थानीय महिलाओं ने भी पकड़े गए लोगों को छुड़ाने का प्रयास किया। सुरक्षाबलों ने भी क्रॉस फायरिंग की। ऑपरेशन जारी है।

मणिपुर में नए साल के पहले ही दिन (सोमवार) को एक बार फिर हिंसा हुई। यहां थौबल के लेंगोल पहाड़ी इलाके में सोमवार शाम को 4 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 11 लोग घायल हुए। स्थानीय लोगों ने हमलावरों की तीन गाड़ियों को भी आग के हवाले कर दिया।

अधिकारियों ने बताया कि हमलावर लिलोंग चिंगजाओ इलाके में जबरन वसूली के लिए आए थे, जिसके बाद विवाद शुरू हुआ। स्थानीय लोगों ने हमलावरों को खदेड़ा, लेकिन बदमाशों ने भागते समय फायरिंग कर दी। आरोपियों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। जान गंवाने वालों में मोहम्मद दौलत (30), एम सिराजुद्दीन (50), मोहम्मद आजाद खान (40) और मोहम्मद हुसैन (22) शामिल हैं। सभी पंगाल (मुस्लिम) बताए गए हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है.

### फ्रांस से लौटी डंकी फ्लाइट में सवार गुजरातियों ने गुनाह कबूला

फ्रांस से भारतीय पैसेंजर्स को लेकर लौटी डंकी फ्लाइट में सवार 66 गुजराती यात्री अमेरिका में गैरकानूनी रूप से दाखिल होने के लिए 60 से 80 लाख रुपए देने वाले थे। यह दावा गुजरात CID ने किया है। पैसेंजर्स ने CID को बताया है कि लैटिन अमेरिकी देश निकारागुआ पहुंचने के बाद वे यह रकम इमिग्रेशन एजेंट्स को चुकाने वाले थे, ताकि उन्हें अमेरिका में अवैध तरीके से एंट्री मिल सके।

दुबई से निकारागुआ जा रहे एयरबस A340 प्लेन को मानव तस्करी के शक में चार दिन तक फ्रांस में रोका गया था। इसमें 303 पैसेंजर्स थे.

### 82 की उम्र में भी महिला भाए तो शादी करो

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के केयरटेकर प्राइम मिनिस्टर अनवार उल हक काकड़ ने नए साल के मौके पर अवाम के सवालों के जवाब दिए। कुछ सवाल मुल्क की सियासत, 8 फरवरी 2024 को होने वाले जनरल इलेक्शन और लॉ एंड ऑर्डर के हालात पर थे।

इसके अलावा कुछ सवाल मजेदार किस्म के भी थे और काकड़ ने इनके जो जवाब दिए, उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मसलन, एक शख्स ने पूछा- मेरी उम्र 52 साल है। एक महिला को पसंद करता हूं, क्या करूं? काकड़ की हाजिर जवाबी देखिए। कहा- शादी कर लीजिए।

# रेलवे यार्ड के सैकड़ों ट्रक चालक हड़ताल पर





■ केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून का विरोध

■ इससे अच्छा तो हम भेड़ बकरी चराएंगे-ट्रक चालक

**कल्याण.** केंद्र सरकार द्वारा हिट एंड रन कानून में किए गए बदलाव के खिलाफ देशभर के डंपर और ट्रक चालक हड़ताल पर है। महाराष्ट्र के अनेक शहरों में बुनियादी चीजों की सप्लाई करने वाली ट्रांसपोर्ट सेवाएं ठप पड़ी है। इसी तरह कल्याण रेलवे यार्ड में माल वाहक ट्रक चालकों ने भी हड़ताल शुरू कर दी है। चालकों का कहना है कि जब तक सरकार नए कानून को पीछे नहीं लेती तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।

आपको बतादें कि केंद्र सरकार ने हिट एंड रन कानून में कुछ बदलाव किए हैं। जिसके तहत यदि कोई ड्राइवर किसी को कुचल कर भाग जाता है तो उसे 10 साल की सजा और 7 लख रुपए जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। पहले इस मामले में कुछ ही दिनों में आरोपी ड्राइवर को जमानत मिल जाती थी और वह पुलिस थाने से ही बाहर आ जाता था, हालांकि इस कानून के तहत भी 2 साल की सजा का प्रावधान था, लेकिन नया कानून लागू होने के बाद दोषी को अब 10 साल जेल में रहना होगा, हालांकि घायल को अस्पताल पहुंचाने पर कुछ रियायत का प्रावधान है। इस कानून के खिलाफ ट्रक, डंपर और बस चालक सड़कों पर उतर आए हैं।

कल्याण के लोगग्राम स्थित रेलवे यार्ड से माल वाहक ट्रक चालक भी हड़ताल पर चले गए हैं। लगभग 500 से 600 ड्राइवर इस हड़ताल में शामिल होने की बात बताई जा रही है।

### इससे अच्छा तो हम भेड़ बकरी चराएंगे-

आंदोलन में शामिल शशिकांत पवार का का कहना है कि केंद्र सरकार हम चालकों पर अन्यायकारी कानून लाद रही है। कोई जानबूझकर किसी को नहीं कुचलता। गरीब ड्राइवर 5 लाख रुपये दंड कहां से भरेंगे। इससे अच्छा तो होगा कि हम ड्राइवरी छोड़कर भेड़ बकरियां चराएं।

## संक्षेप...

### अभय योजना 15 जनवरी तक बढ़ाई

**ठाणे.** ठाणे मनपा ने बकाया टैक्स वसूली पर जोर दिया है. प्रापर्टी टैक्स के बकायादारों के लिए मनपा प्रशासन की तरफ से शतप्रतिशत ब्याज माफ वाली अभय योजना 15 जनवरी तक बढ़ा दी गयी है. प्रशासन को उम्मीद है कि इस वित्तीय वर्ष में प्रापर्टी टैक्स के रूप में 792 करोड़ रुपये जमा हो जाएगा.

ठाणे के करदाताओं के यहां प्रापर्टी टैक्स का कुल 248 करोड़ बकाया था. जिसमें से से अब तक 101 करोड़ 54 लाख की वसूली की जा चुकी है. बकाया वसूली के लिए 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक के लिए अभय योजना शुरू की गयी थी. जिसके तहत एकमुश्त बकाया जमा करने वालों को शतप्रतिशत ब्याज से राहत दी गयी है. अभय योजना के तहत पिछले पंद्रह दिनों में 34 करोड़ 48 लाख की वसूली की गई है. मनपा प्रशासन के समक्ष अब 146 करोड़ 46 लाख की बकाया राशि वसूलने की चुनौती है. इस राशि की वसूली के लिए योजना को 15 दिनों तक के लिए आगे बढ़ा दिया गया है.

# पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतार



■ शहर का ट्रैफिक हुआ जाम

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** समूचे देश में आज से होने वाली ट्रक ड्राइवर की एक दिवसीय आंशिक हड़ताल की खबरों को सुनकर भिवंडी में पेट्रोल पंप के के सामने बाइक, चार पहिया, ट्रक,टेंपो आदि की लंबी कतार जरूरी ईंधन भरवाने के लिए लगी हुई है. रविवार शाम से शहर स्थित तमाम पेट्रोल पंपों को सामने लगी हुई लंबी कतार अर्धरात्रि को पेट्रोल पंप बंद होने तक रही फिर सुबह पेट्रोल पंप खुलने के पूर्व ही लगी दिखाई पड़ी. पेट्रोल पंपों के सामने लगी हुई लंबी लाइन खत्म होने का नाम नहीं ले रही है. शहर के प्रमुख मार्गों पर स्थित पेट्रोल पंपों के बाहर लगी लंबी कतार की वजह से शहर का ट्रैफिक थम सा गया है.पैदल राहगीरों को भी चलने में भारी दिक्कत उठानी पड़ रही है.कई पेट्रोल पंप मालिक पेट्रोल,डीजल खत्म होने पर ₹नो स्टॉक₹ का बोर्ड लगाकर बाहर कुर्सी लेकर बैठ गए हैं. पेट्रोल पंपों के सामने उमड़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया है.

जानकारी के अनुसार, ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट ने यातायात नियमों में हुई कड़ाई को लेकर आज से 1 दिन की सांकेतिक हड़ताल का फैसला लिया है. सांकेतिक हड़ताल में पेट्रोलियम पदार्थ, रसोई गैस,अनाज की ढुलाई करने वाले ट्रक ड्राइवर भी हड़ताल में शामिल है. हड़ताल की वजह से आम जनों को समस्या उठानी पड़ सकती है.मोटरबाइक, चार पहिया सहित अन्य वाहन हड़ताल के आज हड़ताल की आशंका को देखते हुए पेट्रोल पंप पर पहुंचकर अपनी टंकी को फुल कराए जाने में जुटे हैं. लोगों को आशंका है कि हड़ताल कब टूटेगी कहा नहीं जा सकता है. इसलिए अपने वाहनों में तेल भर कर रखने से कुछ समय तक राहत मिलेगी.

# ड्रग पैडलर को पकड़ने खाड़ी में कूद पड़ा जांबाज पुलिस अधिकारी

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** शांतीनगर पुलिस स्टेशन में 60 ग्राम एमडी पावडर को लेकर दाखिल आपराधिक मामले के तहत वांछित आरोपी ईदगाह रोड निवासी अरबाज अन्सारी (23) को पकड़े जाने की खातिर पुलिस सहायक पुलिस निरीक्षक श्रीकृष्णा गोरे ने जान की परवाह नहीं करते हुए खाड़ी के पानी में कूदकर ड्यूटी निभाते हुए ड्रग पैडलर को दबोच कर कानून के हवाले किया है.



मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस रिकार्ड में वांछित ड्रग पैडलर अरबाज अंसारी को दबोचने की खातिर सहायक पुलिस निरीक्षक श्रीकृष्णा गोरे एवम पुलिस कर्मी भूषण कापडणीस की टीम ने उसके घर के पास रात्रि को जाल बिछाया था.पुलिस द्वारा पकड़े जाने की भनक लगते ही मादक द्रव्य विक्री में लिप्त वांछित आरोपी अरबाज अंसारी ने अपने घर के समीप स्थित खाड़ी के पानी में कूदकर रात्रि 12 बजे भागने की योजना बनाई. रात्रि के अंधेरे में पुलिस टीम को चकमा देकर आरोपी अरबाज अंसारी पुलिस से बचने के लिए खाड़ी में छलांग लगाई और पानी से निकलकर दूसरे किनारे पर जाने का प्रयास करने लगा. घर के पास ही छिप कर बैठे जांबाज पुलिस सहायक निरीक्षक श्रीकृष्णा गोरे ने अपनी जान की परवाह न करते हुए फौरन अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते दलदल युक्त खाड़ी के गहरे पानी में कूद पड़े और अपराधी अरबाज अंसारी को दबोच कर खाड़ी के दलदल से बाहर निकाल कर कानून के हवाले किया है.पुलिस को आरोपी अरबाज अंसारी की जेब से 30 ग्राम एमडी पावडर भी मिला जिसे जब्त किया गया है. जाबांज पुलिस सहायक निरीक्षक श्रीकृष्णा गोरे द्वारा जान हथेली पर लेकर कानून पालन के लिए निभाई गई ड्यूटी की सराहना समस्त पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवम शहरवासी कर रहे हैं. पुलिस सूत्रों के अनुसार, शांतिनगर पुलिस स्टेशन रिकार्ड में आपराधिक कृत्य में लिप्त अरबाज अंसारी पर पहले भी आईपीसी 307, 395 के तहत कई आपराधिक प्रकरण भी दर्ज हैं. पुलिस को आरोपी अरबाज अंसारी से पूंछतांछ के उपरांत अपराध से जुड़े कई मामलों के पर्दाफाश होने की संभावना है.

## श्रीराम प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर ठाणे के 65 मंदिरों में दीपोत्सव

**ठाणे.** अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि मंदिर में 22 जनवरी को प्राणप्रतिष्ठा की जानी है.इसको लेकर पूरे देश में उत्साह का वातावरण है. प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर ठाणे के 65 मंदिरों में दीपोत्सव एवं दस दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. ठाणे के जैन संघ हॉल में ठाणे शहर के मंदिर ट्रस्टियों की बैठक हुई.

जिसमे मंदिरों के रखरखाव एवं अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा को लेकर विचार विमर्श किया गया. बैठक में मंदिर एवं अर्चक पुजारी संपर्क आयाम, मुंबई क्षेत्र प्रमुख अनिल सांबरे, प्रांतीय मंत्री मोहन सालेकर, मनोज शर्मा, रविंद्र विश्वनाथ उतेकर, चिमणभाई गाला, राजकुमार भारद्वाज , एड. राजेश मुधोलकर, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष भरतभाई सचदेवा सहित ठाणे के के कौपीनेश्वर मंदिर ट्रस्ट, ट्रस्ट, खिड़कालेश्वर मंदिर, मुम्ब्रेश्वर मंदिर ट्रस्ट सहित 65 मंदिरों के ट्रस्टी मौजूद रहे.

# भिवंडी में नकली घी बनाने का भंडाफोड़

■ मनपा ने छापेमारी कर जप्त किया 10 डिब्बा घी

■ 8 कड़ाही सहित अन्य सामग्री.

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** ईदगाह रोड स्थित मनपा सलाटर हाउस परिसर की जगह में जानवरों की चर्बी से मिलावटी नकली घी बनाकर बाजार में बेचे जाने का भंडाफोड़ मनपा पर्यावरण विभाग टीम ने किया है. जानवरों की चर्बी से मिलावटी नकली घी बनाने में जुटे लोग मनपा कर्मियों को चकमा देकर रफूचक्कर हो गए. मनपा आयुक्त अजय वैद्य के आदेश पर हुई कार्रवाई से नकली ब्रांड का माल बनाकर बाजार में बेचने वालों में हड़कंप बचा है.



मिली जानकारी के अनुसार,मनपा प्रभाग समिति क्रमांक 4 अंतर्गत ईदगाह रोड स्थित सलाटर हाउस परिसर प्रांगड़ में ही करीब 5-7 लोग अंगीठी जलाकर मिलीभगत से चर्बी से घी बनाने का अवैध गोरखधंधा करीब 20 वर्षों से मनपा स्लाटर हाउस प्रांगण स्थित जानवर की चर्बी से मिलावटी घी बनाने में जुटे थे. मुखबिर से मिली जानकारी के बाद मनपा आयुक्त अजय वैद्य के आदेश पर पर्यावरण विभाग नियंत्रण प्रमुख सुदाम जाधव की टीम ने छापेमारी की तो चर्बी को जलाकर,अन्य सामग्री से मिलावटी घी बना रहे लोग सबकुछ छोड़कर तेजी से रफू चक्कर हो गए.मनपा टीम ने 15 किलो घी से भरे हुए 10 डब्बे, 8 कड़ाही,अंगीठी एवं घी बनाने में प्रयुक्त होने वाली अन्य सामग्री को जप्त किया है.मनपा की कार्रवाई से नकली सामानों के व्यापार लिप्त दुकानदारों में हड़कंप मचा है.

स्थानीय लोगों का आरोप है कि, भिवंडी मनपा के कुछ अधिकारियों, कर्मचारियों की खुली जगह पर बेरोकटोक चल रहा था.चर्बी से मिलावटी नकली घी बनाने के लिए जानवरों की चर्बी को जलाने से उठती बदबूदार दुर्गंध से क्षेत्रीय लोगों का जीवन नारकीय हो गया था. क्षेत्रीय नागरिकों की बारंबार शिकायत को भी रिश्वतखोर,भ्रष्ट मनपा अधिकारी नजरअंदाज करते थे. स्लॉटर हाउस परिसर में ही वर्षों से चल रहा मिलावटी घी बनाने के अवैध गोरखधंधे से मनपा प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं.मनपा प्रशासन ने एफडीए सहित पुलिस विभाग को प्रकरण से अवगत कराया है.भोइवाड़ा पुलिस में मनपा प्रशासन द्वारा शिकायत के उपरांत समुचितत तहकीकत की जाएगी.

## नशीला पदार्थ खिलाकर नाबालिग बच्ची से किया दुराचार

**कल्याण.** कल्याण में एक 58 साल के शख्स ने प्रसाद का लालच देकर नशीला पदार्थ खिलाकर सात साल की बच्ची से दुराचार करने की चौंकाने वाली घटना सामने आई है. आरोपी रामलखन यादव को कोलसाडी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. कल्याण पूर्व इलाके में एक सात साल की बच्ची अपने घर के सामने खेल रही थी, तभी उसी परिसर में रहने वाला रामलखन यादव नाम का शख्स बच्ची के पास आया. वह युवती रामलखन को जानती थी, रामलखन ने बच्ची को प्रसाद का लालच दिया और घर के अंदर ले गया, वह उसे अपने घर ले गया और प्रसाद के बहाने नशीला पदार्थ खिलाकर लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाए, घटना बाद बच्ची ने आपबीती अपनी मां को बताई, इस मामले में मां की ओर से कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई . कोलसेवाड़ी पुलिस ने आरोपी रामलखन यादव को गिरफ्तार कर लिया है.

## महावितरण के कर्मचारी से मारपीट

**नवी मुंबई.** महावितरण के पनवेल डिवीजन के अंतर्गत नावडे शाखा कार्यालय में वरिष्ठ तकनीशियन के रूप में कार्यरत संदेश खुटले के साथ की गयी मारपीट के मामले में बकाया बिजली बिल धारक दत्तात्रेय गोविंद पाटिल और उनके बेटे विशाल दत्तात्रेय पाटिल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। महावितरण द्वारा दी गयी जानकारी में बताया गया है कि वरिष्ठ तकनीशियन संदेश खुटले और उनके सहयोगी जितेंद्र पाटिल हमेशा की तरह बकाया वसूलने के लिए 30 दिसंबर 2023 को वावंजे गांव गए थे, तो दत्तात्रेय गोविंद पाटिल और उनके बेटे विशाल दत्तात्रय पाटिल ने उनके साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया और देख लेने की धमकी दी कि वे लाइट कैसे काटते हैं।

# 755 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त

■ 20 हजार हजार दंड

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** शहर स्वच्छता कार्यो को प्राथमिकता देते हुए मनपा प्रशासन शहर स्वच्छता, अतिक्रमण हटाओ एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक बंदी को लेकर सख्ती बरत रही है.आयुक्त अजय वैद्य के आदेश पर स्वच्छता एवं आरोग्य विभाग अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे के कुशल मार्गदर्शन में आरोग्य विभाग की टीम स्वच्छता मुहिम, सिंगल प्लास्टिक उपयोग पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई को समूचे शहर में बेहद कड़ाई से अंजाम दे रही है. मनपा प्रभाग समिति क्रमांक 5 स्थित महावीर एंटरप्राईज एवम मेट्रो ट्रेडर्स नामक 2 होलसेल व्यापारी सहित सिंगल यूज प्लास्टिक विक्री व उपयोग करने वाले दुकानदारों पर छापेमारी कर




755 किलो वजन प्लास्टिक जप्त कर 20 हजार रुपए आर्थिक दंड वसूल किया है. आरोग्य विभाग की टीम द्वारा शहर स्वच्छता को नजरंदाज कर सूखा, गीला कचरा का डस्टबिन नहीं रखे जाने पर 2 पान टपरी वाले पर दंडात्मक कार्यवाही की गई. मनपा प्रशासन द्वारा शहर स्वच्छता को लेकर की जा रही कड़ाई से शहर में गंदगी फैलाने वाले एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने वाले दुकानदारों, ठेला वालों, सब्जी विक्रेताओं, होटल मालिकों आदि में हड़कंप मचा हुआ है. मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने शहर स्वच्छता कार्यों में कदापि लापरवाही नहीं किए जाने के कड़क निर्देश आरोग्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को दिए हैं.

## सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर ऐंठे 11 लाख रुपये

कल्याण. सरकारी नौकरी दिलाने का लालच देकर एक युवक से 11 लाख रुपये की ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया हैं, पीड़ित युवक की शिकायत पर पति-पत्नी सहित 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

विठ्ठलवाड़ी एसटी डिपो के पास रहने वाले प्रकाश मुन्नालाल नेवारे (28) ने पुलिस को बताया कि कल्याण पूर्व स्थित साईकृपा इलेक्ट्रीक दुकान पर आरोपी घनश्याम मोहन परब उसकी पत्नी स्नेहल परब और उनके साथी विशाल ढोकले ने सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 22 सितंबर 2022 से 2023 तक कुल 11 लाख रुपये ले लिए मगर नौकरी नहीं दिलाई और जब पैसे वापस मांगे तो पैसे भी नहीं वापस किए, ठगे जाने का अहसास होने पर पुलिस की शरण ली.

## लाखों के आभूषण चोरी कर अज्ञात चोर फरार

**कल्याण.** कल्याण पूर्व में एक बंद घर का ताला तोड़कर घर में रखे लाखों रुपये कीमत के आभूषण चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया हैं.

मिली जानकारी करले अनुसार कल्याण पूर्व काटेमानेवली पुनलिंक रोड स्थित नील गिरी को.ओ.हॉ. सोसायटी निवासी राहुल शिवशंकर तिवारी (27) ने कोलशेवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई हैं कि जब वह घर का ताला लगाकर काम से बाहर गए हुए थे, तभी 31 दिसबंर की सुबह 11 बजे से 1 जनवरी 2024 1 बजे तक के दौरान किसी अज्ञात आरोपी ने ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और घर में रखे सोने के आभूषण जिनकी कीमत 3 लाख 6 हजार 600 रुपये थी, उसे लेकर फरार हो गया. कोलशेवाड़ी पुलिस चोरी का मामला दर्ज कर तहकीकात कर रही है.

# 'भक्षक' में जर्नलिस्ट बनीं भूमि पेडनेकर

■ शूटिंग पूरी हुई, मार्च तक रिलीज हो सकती है फिल्म

एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'भक्षक' की शूटिंग पूरी कर ली है, मेकर्स ने 2 साल पहले 2022 में फिल्म की अनाउंसमेंट की थी। बता दें फिल्म की कहानी सच्ची घटना से प्रेरित है साथ ही महिलाओं के खिलाफ किए जाने वाले अपराधों की हकीकत से भी जुड़ा हुआ है। शाहरुख खान ने बिहार की वास्तविक घटनाओं पर आधारित एक गंभीर थ्रिलर फिल्म भक्षक बनाने का फैसला लिया था। फिल्म की शूटिंग कोविड के समय में शुरू की गई थी और इसकी शूटिंग 2022 में ही पूरी हो गई थी। वहीं अब फिल्म की रिलीज होने की खबर सामने आई है। भक्षक में भूमि के अलावा एक्टर संजय मिश्रा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

फिल्म 2 घंटे 16 मिनट 47 सेकंड लंबी है। बता दें फिल्म अगले कुछ महीनों में रिलीज होगी और फिल्म मार्च के अंत या अप्रैल तक रिलीज हो सकती है। फिल्म का निर्देशन पुलकित ने किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'भक्षक' बिहार के विवादित मुजफ्फरपुर शेल्टर होम केस पर आधारित एक क्राइम थ्रिलर फिल्म होगी। इस शेल्टर होम में रहने वाली दर्जनों असहाय लड़कियों के साथ दुर्व्यवहार, बलात्कार और अत्याचार की खबरें सामने आई थीं।

देश में आक्रोश और विरोध के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने मामले को अपने हाथ में लिया था। मामले में 2020 में दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्य आरोपी ब्रजेश ठाकुर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।




## उल्हासनगर महानगरपालिका
## भांडार विभाग
**ई निविदा सुचना सन 2023-2024, 2024-25,2025-26**

उल्हासनगर महापालिका, उल्हासनगर, जि. ठाणे सन. 2023-24,2024-25,2025-26 साठी (3 वर्षांसाठी जोडपत्र 'ए-1' मध्ये नमुद केलेले स्टेशनरी साहित्य पुरविणेसाठी अनुभवी उत्पादक कंपनी किंवा त्यांचे अधिकृत विक्रेते यांचेकडुन ₹ई-टेंडर₹ दोन लिफाफा पध्दतीने जाहिर निविदाhttps://umc.maharashtra.etenders.in या वेबसाईट वरून मागविण्यात येत आहेत.

| अ. क. | निविदेचा तपशील | कोरी निविदा पत्रकाची किंमत | EMD |
|---|---|---|---|
| 1. | भांडार विभागामध्ये तीन वर्षासाठी स्टेशनरी साहित्य पुरविणे. | 15000/-(2700+ 18%) GST =17700/- | 1,5 1,55,000/- |

1) निविदा विकी व स्विकृती दि. 03/01/2024 ते 18/01/2024 रोजीसायंकाळी 16.00 वाजेपर्यंत राहील.
2) शक्य झाल्यास दि. 18/01/2024 रोजी सायंकाळी 04.00 वाजता ₹ई-टेंडरिंग विभाग नागरी सुविधा केंद्रयेथे उघडण्यात येईल.
3) निविदा महापालिकेच्या www.maharashtra.etenders.in www.maharashtra.etenders.inया वेबसाईटवरुन विक्री व स्विकृती करता येतील. अथवा
4) निविदाबाबत सविस्तर माहिती www.maharashtra.etenders.in www.maharashtra.etenders.inया वेबसाईटवर उपलब्ध आहे. अथवा
4) निविदाबाबतचे सविस्तर वेळापत्रक निविदा पत्रात नमुद केलेले आहे.
6) निविदा पूर्व बैठक दिः 10/01/2024 रोजी दुपारी 2,00 वाजता अति-आयुक्त (भांडार), उल्हासनगर महानगरपालिका यांच्या दालनात घेतली जाईल. आलेल्या एक अथवा सर्व निविदा कोणतेही कारण न देता नाकारण्याचा अधिकार मा. आयुक्त, उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर यांनी राखून ठेवलेला आहे.

सही/-
**उपायुक्त (भांडार)**
उल्हासनगर महानगरपालिका

**जा.क्र. उमपा / पिआरओ /08/2027**
**दिनांक - 02/01/2024**



उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा





यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099